● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 243, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ




महाराष्ट्र में सीएम के चेहरे पर उलझन में कांग्रेस 5

बारिश के कारण रद्द हुआ पहले दिन का खेल 6

## आतंकवाद और व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते

### इस्लामाबाद में जयशंकर ने बिना नाम लिए पाकिस्तान को घेरा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद में आयोजित की जा रही शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संबोधन में एक बार फिर पाकिस्तान पर निशाना साधा। पाकिस्तान का नाम लिए बगैर विदेश मंत्री ने कहा कि अगर आतंकी घटनाएं जारी रहेंगी तो फिर व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। इस तरह जयशंकर ने बिना नाम लिए पाकिस्तान को उसी के घर में लताड़ लगाई।

शंघाई सहयोग संगठन के मंच पर दिए अपने संबोधन में भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि हम ऐसे समय मिल रहे हैं, जब दुनिया संकटों से गुजर रही है। दो बड़े संघर्ष चल रहे हैं और उनका पूरे विश्व पर नकारात्मक असर हो रहा है। कोरोना महामारी ने कई विकासशील देशों को बुरी तरह प्रभावित किया। साथ ही जलवायु परिवर्तन, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितता और वित्तीय कमजोरी विकास को प्रभावित कर रही है। विदेश मंत्री ने एससीओ देशों के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने, विश्वास, दोस्ती और अच्छे पड़ोसी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि एससीओ संगठन के सामने आतंकवाद, अलगावाद और कट्टरपंथ से लड़ने की साझा चुनौती है।

पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि अगर विश्वास की कमी है या सहयोग पर्याप्त नहीं है। दोस्ती कम हो गई है और अच्छे पड़ोसी की भावना गायब है तो निश्चित रूप से आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है। साथ ही यह तभी संभव है जब हम पूरी ईमानदारी से चार्टर के प्रति अपनी



प्रतिबद्धता की पुष्टि करें, तभी हम आपसी सहयोग और प्रतिबद्धता के फायदों को पूरी तरह से महसूस कर सकते हैं। यह सिर्फ हमारे फायदे के लिए नहीं है। दुनिया आज बहु-ध्रुवीयता की तरफ बढ़ रही है। वैश्वीकरण और पुनर्संतुलन ऐसी वास्तविकताएं हैं, जिन्हें नकारा नहीं जा सकता। इन्होंने निवेश, व्यापार, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के अवसर पैदा किए हैं। अगर हम इसे आगे बढ़ाते हैं तो इससे हमारे क्षेत्र को बहुत फायदा होगा।

भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि विकास और तरक्की के लिए शांति और स्थिरता जरूरी हैं। अगर सीमा पर आतंकवाद होगा, अलगाववाद और कट्टरपंथ होगा तो फिर व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी और लोगों के लोगों से संबंधों को बढ़ावा देना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक सहयोग से प्रतिस्पर्धा और श्रम बाजार का विस्तार हो सकता है। छोटे और मध्यम उद्योगों के बीच सहयोग से रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। बड़े नेटवर्क से औद्योगिक समुदाय को फायदा होता है। आपसी जुड़ाव नए रास्ते खोल सकता है। लॉजिस्टिक एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है। साथ ही पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य क्षेत्र, खाद्य और ऊर्जा में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। साथ ही संस्कृति, शिक्षा और खेल में भी काफी विकास हो सकता है और हम मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं।

विदेश मंत्री ने भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए वैश्विक अभियानों जैसे इंटरनेशनल सोलर अलायंस, मिशन लाइफ, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण के क्षेत्र में किए जा रहे कामों को भी एससीओ से आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग और मोटे अनाज को लेकर भारत सरकार की पहल से पर्यावरण को बेहतर करने में मदद मिलेगी। साथ ही ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस, इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस से जैव विविधता की सुरक्षा की जा सकती है। भारत में हमने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की अहमियत को प्रदर्शित किया है, साथ ही हमने महिला आधारित विकास के प्रभाव को भी दिखाया है।

### रबी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी पर बोले पीएम

## किसानों का जीवन होगा और आसान

**नई दिल्ली।** बुधवार को मोदी कैबिनेट ने किसानों को उपहार देते हुए रबी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। किसानों को लेकर मंत्रिमंडल के इस फैसले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की ओर से विपणन सत्र 2025-26 के लिए सभी अधिदेशित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दिए जाने से किसानों का जीवन और आसान होगा। बता दें कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि रेपसीड और सरसों के लिए 300 रुपये प्रति क्विंटल तथा मसूर के लिए 275 रुपये प्रति क्विंटल की घोषणा की है। इनके अलावा, चना, गेहूं, कुसुम और जौ के लिए



क्रमशः 210 रुपये प्रति क्विंटल, 150 रुपये प्रति क्विंटल, 140 रुपये प्रति क्विंटल और 130 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए हम निरंतर बड़े फैसले लेने में जुटे हैं। इसी दिशा में आज हमारी सरकार ने 2025-26 के विपणन सत्र के लिए गेहूं और चना सहित अनिवार्य रबी फसलों की एमएसपी को बढ़ाया है। इससे हमारे अन्नदाताओं का जीवन और आसान होगा।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल की ओर से गंगा नदी पर एक नए रेल-सह-सड़क सेतु सहित वाराणसी-पं.दीन दयाल उपाध्याय मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दिए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और क्षेत्र के लोगों को बेहतर संपर्क मिलने के साथ ही रोजगार और कारोबार के नए-नए अवसर भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि काशीवासियों की सुख-सुविधा के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में गंगा पर एक रेल-सड़क पुल को मंजूरी दी गई है। इससे तीर्थयात्रियों, पर्यटकों और यहां के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलने के साथ ही रोजगार और कारोबार के नए-नए अवसर भी बनेंगे।

## नायब सैनी के हाथों में ही रहेगी प्रदेश की कमान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नए सीएम नायब सैनी होंगे। पंचकूला स्थित भाजपा दफ्तर में भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से चुन लिया गया।

भाजपा के पर्यवेक्षक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बैठक में मौजूद रहे। विधायक दल की बैठक में अनिल विज और कृष्ण बेदी ने सैनी का नाम रखा था। सैनी गुरुवार को पंचकूला में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। बैठक के बाद सीएम नायब सैनी राज्यपाल से मिलने पहुंचे और



### सरकार बनाने का दावा पेश किया

सरकार बनाने का दावा पेश किया।

शाह ने कहा कि बैठक में एक ही प्रस्ताव मिला जो नायब सिंह सैनी के नाम का था। मैं उनका नाम घोषित करता हूं। नायब सैनी को बहुत बहुत बधाई देता हूं। वहीं मुख्यमंत्री सैनी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही 24 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। गृहमंत्री अमित शाह रात को चंडीगढ़ के ललित होटल में रुकेंगे। गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद पीएम नरेंद्र मोदी हरियाणा राजभवन में मीटिंग लेंगे। भाजपा ने अपने सभी 48 विधायकों को अगले दो दिन चंडीगढ़ में ही रहने के निर्देश जारी किए हैं। होटल ललित और हरियाणा राजभवन सेक्टर-6 में काफी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है।

वहीं होटल हयात में छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

## बम की धमकी के बाद 4 फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** इंडियन एयरलाइंस की चार और फ्लाइट्स में बुधवार को बम होने की धमकी मिली। इंडिगो की मुंबई-दिल्ली (6ई 651) फ्लाइट को टेकऑफ के बाद वापस दिल्ली बुलाना पड़ा, वहीं अकासा एयरलाइंस की दिल्ली-बेंगलुरु फ्लाइट (क्यूपी 1335) को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। इसके अलावा स्पाइसजेट की 2 फ्लाइट्स को भी बम की धमकी मिली, जिसके बाद सभी पैसेंजर को सुरक्षित उतार लिया गया। अभी तक इतनी ही जानकारी सामने आई है।

## महाविकास अघाड़ी को सीएम का चेहरा घोषित करने की चुनौती देता हूं : फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अब मात्र एक महीना ही बचा हुआ है। ऐसे में राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए महायुति सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी (एमवीए) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने एमवीए पर 'विकास विरोधी दृष्टिकोण' के साथ काम करने का आरोप लगाया। वहीं



डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महा विकास अघाड़ी सीएम चेहरे की घोषणा इसलिए नहीं कर रही क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि चुनाव के बाद उनका सीएम आएगा। उन्होंने आगे कहा, हमें मुख्यमंत्री के चेहरे का एलान करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि हमारे सीएम यहां ही बैठे हुए हैं। मैं पवार साहब को चुनौती देता हूं कि वह मुख्यमंत्री पद के लिए अपने नाम का एलान करें। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार ने मुंबई में अपनी संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महायुति सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस दौरान आरपीआई (ए) प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले भी मौजूद रहे। फडणवीस ने कहा, हमने सभी योजनाओं की घोषणा कर दी है। उन योजनाओं के लिए सभी वित्तीय प्रावधान और बजट बनाए हैं और इतना ही नहीं, हम अपने घोषणा पत्र में सभी के लिए कुछ नई योजनाओं और लाभों की भी घोषणा करेंगे।

## केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते में 3% बढ़ोतरी की गई है। बुधवार (16 अक्टूबर) को हुई कैबिनेट मीटिंग में डीए बढ़ोतरी पर फैसला हुआ।

दिवाली से पहले हुई इस बढ़ोतरी के बाद महंगाई भत्ता 50% से बढ़कर 53% हो गया है। इसका फायदा करीब 49.18 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनर्स को होगा। डीए हर 6 महीने में बढ़ता है। बढ़ा हुआ डीए 1 जुलाई से लागू होगा।

## राज्य सरकार अपने कर्तव्यों का पालन करने में रही विफल: बोस

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने के अपने मूल कर्तव्यों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय (राजभवन) संविधान के प्रावधानों के तहत आरजी कर गतिरोध में पहले से ही हस्तक्षेप कर रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दुष्कर्म-हत्या की घटना के बाद चल रहे गतिरोध पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने सीवी आनंद बोस ने कहा कि मामले में एक पुलिस अधिकारी और एक वरिष्ठ डॉक्टर की गिरफ्तारी ने फिर से कई क्षेत्रों में व्याप्त संस्थागत अपराध की ओर इशारा किया है।

इस मामले में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में चल रहे गतिरोध पर एक समाचार एजेंसी को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, राज्य सरकार, खासकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह कर्तव्य है कि वे नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करें। यहां सरकार अपने मूल कर्तव्यों को पूरा करने में विफल रही है।

## दक्षिणी लेबनान के नबातिये में इस्राइल का हमला

**बेरुत।** इस्राइल की तरफ से लेबनान में हिजबुल्ला के लड़ाकों को निशाना बनाकर किए जा रहे हवाई हमलों को लेकर लेबनान के अधिकारियों का कहना है कि राहत प्रयासों के समन्वय के लिए बैठक के दौरान नबातिये पर इस्राइली हवाई हमले में इमारत को निशाना बनाया गया। वहीं एपी की रिपोर्ट के अनुसार, लेबनानी अधिकारी ने कहा कि दक्षिणी लेबनान के शहर नबातिये के मेयर इजरायली हमलों में मारे गए हैं।

इससे पहले इस्राइली सेना (आईडीएफ) ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हमले किए।



यह हमला सेना की तरफ से वहां के निवासियों को बेरूत छोड़ने की चेतावनी देने के कुछ ही घंटों बाद किया गया। पहले हमले के बाद हैरेट रीक में इमारतों से काला धुंआ निकलते हुए देखा गया, जिसके बाद इस्राइली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने लोगों से क्षेत्र खाली करने को कहा और इसके कुछ ही देर बाद दूसरा हमला हुआ। वहीं इससे पहले जानकारी देते हुए इस्राइली सेना ने कहा है कि लेबनान की तरफ से बीती रात उनके साफेद इलाके में 50 से ज्यादा रॉकेट्स दागे। हालांकि इन हमलों में किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इस्राइली सेना ने बताया कि देर रात करीब 1.40 बजे के करीब लेबनान की तरफ से हमला हुआ। हालांकि अधिकतर रॉकेट को इस्राइल की हवाई सुरक्षा द्वारा हवा में ही तबाह कर दिया गया। कुछ रॉकेट रिहायशी इलाकों में गिरे, लेकिन उनसे भी कुछ खास नुकसान नहीं हुआ। हिजबुल्ला ने एक बयान जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

## मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव का दो दिवसीय आयोजन आज से

**भोपाल।** खनन क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने और आधुनिकतम तकनीकों का समावेश कर राज्य की खनिज संपदा का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव-2024 का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय कॉनक्लेव 17 और 18 अक्टूबर 2024 को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में होगी। मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव-2024 का उद्देश्य राज्य की खनन क्षमता को तकनीकी नवाचारों और सतत निवेश के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन कॉन्क्लेव में की-नोट संबोधन देंगे और मध्यप्रदेश के खनिज संसाधन पर केन्द्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। कॉन्क्लेव के प्रारंभिक सत्र में खनिज संसाधन, निवेश के अवसरों, पेट्रोलियम और हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद तकनीकी-सत्रों में खनन सुरक्षा, स्मार्ट तकनीक, डिजिटलाइजेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के उपयोग पर चर्चाएं होंगी।

## मुद्दा स्कैम, चेयरमैन ने इस्तीफा दिया

**बेंगलुरु।** मैसुरु अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के करीबी मारी गौड़ा ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने रेजिग्नेशन लेटर में लिखा कि सीएम ने उन्हें इस्तीफा देने को कहा था। लेकिन उन्होंने किसी दबाव में नहीं, बल्कि स्वास्थ्य कारणों के चलते इस्तीफा दिया है। उन्होंने यह कदम मुद्दा जमीन घोटाले की लोकायुक्त जांच के बीच उठाया है। मैसुरु लोकायुक्त मुद्दा जमीन घोटाले की जांच कर रहा है। जांच शुरू होने के बाद से अब तक सिद्धारमैया की पत्नी मुद्दा की तरफ से मिले 14 प्लॉट वापस करने की बात कह चुकी हैं, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे राहुल खड़गे ने भी अपने ट्रस्ट को दी गई 5 एकड़ जमीन को लौटा दिया है।

## जम्मू-कश्मीर की नई सरकार, उमर मुख्यमंत्री, चौधरी होंगे डिप्टी सीएम

**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले



मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में अब्दुल्ला और उनके मंत्रियों को शपथ दिलाई।

मेंढर से नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक जावेद अहमद राणा, रफियाबाद से जावेद अहमद डार, डीएच पोरा से सकीना इट्टू और नौशेरा से सुरिंदर कुमार चौधरी को भी एलजी सिन्हा ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। सुरिंदर चौधरी डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। सुरिंदर चौधरी ने नौशेरा से भाजपा के रविंदर रैना को हराया है। छंब विधानसभा सीट से निर्दलीय विधायक सतीश शर्मा को उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में जगह दी गई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। वहीं, जेकेएनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती, आप नेता संजय सिंह, सीपीआई नेता डी राजा सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेता यहां मौजूद रहे।

जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने आज कहा कि कांग्रेस पार्टी फिलहाल जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्रालय में शामिल नहीं हो रही है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में खुलासा, शूटरों ने किराए के मकान में ऐसे सीखा था हथियार चलाना

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में सरेआम एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में हर दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अभी भी इस वारदात में शामिल एक मुख्य आरोपी मुंबई पुलिस की पकड़ से बाहर है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल शूटरों ने मुंबई के कुर्ला इलाके में एक किराए के मकान में यूट्यूब पर वीडियो देखकर हथियार चलाना सीखा था।

बता दें कि बाबा सिद्दीकी की 12 अक्टूबर की रात को उनके विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के निर्मल नगर इलाके में मौजूद ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में पुलिस के अनुसार तीन शूटरों ने उनकी हत्या की थी। हालांकि





मामले में मुबंई पुलिस ने अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें हरियाणा का रहने वाला गुरमेल बलजीत सिंह, उत्तर प्रदेश का रहने वाला धर्मराज राजेश कश्यप, दोनों कथित शूटर, हरीशकुमार बालकराम निषाद और पुणे का रहने वाला साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक हरीशकुमार बालकराम निषाद और धर्मराज कश्यप उसी गांव के हैं, जिस गांव फरार आरोपी शिवकुमार गौतम है। इस मामले में अपराध शाखा के एक अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि शिवकुमार गौतम ने उत्तर प्रदेश में शादियों में जश्न के दौरान की जाने वाली फायरिंग के दौरान बंदूक चलाना सीखा था। अधिकारी ने गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप से पूछताछ का हवाला देते हुए बताया कि शिवकुमार गौतम को इस वारदात में मुख्य शूटर के तौर पर रखा गया था, क्योंकि वह बंदूक चलाना जानता था।

उन्होंने बताया कि शिवकुमार गौतम ने ही धर्मराज कश्यप और गुरमेल सिंह को कुर्ला में किराए के घर में हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया था, जहां उन्होंने खुली जगह की कमी के कारण ड्राई प्रैक्टिस (बिना गोली के गोली चलाना) किया था। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने करीब चार हफ्ते तक यूट्यूब वीडियो देखकर हथियार लोड करना और उतारना सीखा। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि कथित सह-षड्यंत्रकारियों में से एक शुभम लोनकर से पुलिस ने जून में अभिनेता सलमान खान के बांद्रा में मौजूद घर के बाहर गोलीबारी के सिलसिले में पूछताछ की थी, ये पूरी वारदात कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के नेटवर्क से जुड़ी हुई है। शुभम प्रवीण लोनकर का भाई है और पुणे में डेयरी चलाता है।

एक अधिकारी ने बताया कि शुभम को जनवरी में महाराष्ट्र के अकोला जिले के अकोट पुलिस स्टेशन में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद दस से अधिक हथियार बरामद किए गए थे। उन्होंने बताया कि शुभम से पूछताछ में पता चला कि वह लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल से संपर्क में था। अधिकारी ने बताया कि जमानत पर रिहा होने के बाद शुभम 24 सितंबर को पुलिस की रडार पर होने के बावजूद लापता हो गया।

# डीजल में प्रतिमाह 100 करोड़ टैक्स की चोरी!

## यूपी से प्रतिदिन आ रहा 2 लाख लीटर डीजल, प्रदेश सरकार को एनसीएल के ओबी ठेकेदार लगा रहे चूना



**सिंगरौली।** एनसीएल की ओबी कंपनियां हर महीने करीब 100 करोड़ टैक्स की चोरी कर सरकार को चूना लगा रही हैं। डीजल में टैक्स चोरी की गड़बड़ी अधिकारियों के संरक्षण में चल रहा है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही। दरअसल यूपी के मुकाबले एमपी में करीब 7 रूपए लीटर डीजल महगा है। एनसीएल सहित कई ओबी कंपनियां काम तो मध्य प्रदेश में करती हैं लेकिन डीजल उत्तर प्रदेश से खरीदते हैं जिससे राज्य सरकार को मिलने वाला करोड़ों का टैक्स नहीं मिलता।

गौरतलब है कि ऊर्जाधानी में एक दर्जन कोल खदानें संचालित है। यह खदानें उत्तर प्रदेश से महज 5 से 10 किलोमीटर दूर संचालित है। वही यूपी में मध्य प्रदेश के मुकाबले करीब 7 रूपए लीटर कम रेट पर डीजल आसानी से उपलब्ध हो जाता हैं।?? ऐसे में उत्तर प्रदेश के पेट्रोल संचालक खदानों में कम दरों पर पहुंचा कर डीजल देने के लिए भी तैयार है। सभी ओबी कंपनियों को प्रतिदिन 30 से 40 हजार लीटर डीजल की जरूरत होती है। ऐसे में जिले में प्रतिदिन सिर्फ ओबी कंपनियों की बात करें तो प्रतिदिन 2 लाख लीटर से अधिक डीजल की खपत है। यही वजह है कि ओबी कंपनियां प्रतिदिन टैंकरों से उत्तर प्रदेश से डीजल खरीद कर मोहन सरकार को मिलने वाले टैक्स में करोड़ों की चोरी कर चूना लगा रहे हैं। हालांकि यह आंकड़ा बहुत छोटा है यदि बड़ी एजेंसी जांच करे तो बड़ी टैक्स की चोरी का खुलासा हो सकता है।

चर्चा है कि एनसीएल की अलग-अलग परियोजना में कार्यरत ओबी कम्पनी कलिंगा, कैलिबर मर्कैंटाइल कंपनी (चड्ढा), कंडोई, नीलकंठ, रामकृपाल उत्तर प्रदेश से डीजल लाकर सिंगरौली एनसीएल मे ओबी खनन का काम कर रहे हैं। जिससे मोहन सरकार को मिलने वाला टैक्स यूपी सरकार को मिल रहा है। ओबी कंपनियों के खेल पर जिम्मेदारों की नजर क्यों नहीं पड़ी यह जांच का विषय है। लेकिन शहरी क्षेत्र में खुले पेट्रोल पंपों के मुकाबले यूपी के सुनसान इलाकों में खुले पेट्रोल पंपों की बिक्री अधिक है इन रास्तो पर गाड़ियो का आना जाना कम ही रहता है वावजूद इसके जंगल मे खुले पेट्रोल पंप मे डीजल की खपत प्रतिदिन 5 से 6 केएल रहता है।

जिले से लगे यूपी में डीजल का रेट लगभग 7 रूपए कम है इसलिए ओबी रिमूवल का काम कर रही कंपनियां यूपी के डीजल से काम कर रही है। कंपनियां खदानों में चल रही गाड़ियों में यूपी के डीजल से काम कर रहे हैं। जिससे प्रदेश सरकार को हर माह करोड़ों रुपए की टैक्स की चोरी हो रही है। फिर भी इस पर न तो प्रशासन कोई ध्यान दें रहा है और न हीं टैक्स एजेंसियां गंभीरता दिखा रही है। नतीजतन प्रदेश सरकार को टैक्स में करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाने का काम बेरोकटोक जारी है। यह सब कारोबार एनसीएल अधिकारियों और पुलिस के संरक्षण में चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि डीजल के इस खेल में सब की जेवे गरम हो रही है। इसीलिए सब चुप्पी साधें हैं।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 250 से अधिक वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**सिंगरौली**

यातायात पुलिस ने बीते 13 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 250 से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही कर 1,02,700 रूपये जुर्माना अधिरोपित किए जाने के साथ-साथ जागरुकता अभियान चलाया।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी विद्याविरिधी तिवारी एवं पुलिस टीम के द्वारा शहर के चौराहो पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कि जा रही है।सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात



पुलिस टीम द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों जैसे माजन मोड़, इंदिरा चौक, अंबेडकर चौक, मस्जिद तिराहा, कालेज तिराहा ,अमलोरी तिराहा, जयंत बस पड़ाव, निम्न स्थानों पर यातायात का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर कार्यवाही की गई।उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर वाहन चालकों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही के साथ-साथ समझाइए भी दी गई एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई।शहर की सड़कों पर नो पार्किंग जोन में वाहन चालकों द्वारा वाहनों को खड़ा कर यातायात अवरोध किया जाता है ऐसे वाहनों पर भी व्हील लॉक लगाकर चालानी कार्रवाई यातायात पुलिस टीम के द्वारा माजन मोड़ से इंदिरा चौक तक मुख्य मार्ग में की जा रही है एवं स्थाई रूप से खड़े वाहनों को लगातार हटवाया जा रहा है।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरसड़ा में आयोजित किया गया विशेष जागरुकता अभियान स्वयंसिद्धा

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय की मंशानुसार जिला पुलिस बल सिंगरौली द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं उन्हें आत्म रक्षा हेतु सशक्त बनाने, अपने अधिकारों व कानून के बारे में सजग करने तथा महिला अपराधों में कमी लाने के उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरसड़ा बरगवां में विशेष जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम जूडो, कराटे, मार्शल आर्ट्स इत्यादि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन एवं पुष्प अर्पण कर की गई। प्रशिक्षण




कार्यक्रम में पुलिस स्टाफ सहित प्रधानाध्यापक विश्वनाथ प्रसाद नापित एवं सेल्फ डिफेंस टेक्निकल डायरेक्टर गणेश सिंह, खुशबू साकेत अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। विद्यालययों में उपस्थित लगभग 150 छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया एवं नई-नई टेक्निक्स सिखाई गई।आत्मरक्षा प्रशिक्षण अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ नित्य प्रतिदिन हिंसा, छेड़छाड़, लूटपाट, दुष्कर्म आदि की अनेकानेक घटनाएं घटित होने की संभावना होने से आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर जूडो, कराटे, मार्शल आर्ट्स इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।विद्यालय की छात्राओं ने काफी रुचि लेकर आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपनी बातों को भी सामने रखा। छात्राओं ने आश्वस्त किया कि आज की सिखलाई को सभी के साथ शेयर करेंगी, लगातार अभ्यास कर स्वयं तो सीखेंगे ही और भी पांच लोगों को सिखलायेगे।

# सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न, 16 अक्टूबर से प्रारंभ होगी सक्रिय सदस्यता

**सिंगरौली।** संगठन पर्व के परिप्रेक्ष्य में चल रहे सदस्यता अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप पूर्व विभाग प्रचारक एवं प्रदेश अभियान में जिले में नियुक्त प्रदेश के प्रतिनिधि राजेंद्र पांडेय उपस्थित रहे तथा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत राज्यमंत्री राधा सिंह, विधायक द्वय रामनिवास शाह, राजेन्द्र मेश्राम, सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह, सक्रिय सदस्यता टोली के सदस्य अनन्त शुक्ला एवं ज्ञान प्रकाश गुप्ता मंचासीन रहे। सर्वप्रथम स्वागत उद्बोधन




देते हुए जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के सफल होने की बधाई दी एवं सिंगरौली को प्रदेश के पहले दस जिलों में अपना स्थान बनाने का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा कि हम अपने लक्ष्य के बिल्कुल नजदीक पहुंच चुके हैं तथा सक्रिय सदस्यता का दूसरा चरण चलने तक भी प्राथमिक सदस्यता चलती रहेगी। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं सक्रिय सदस्यता अभियान के समन्वयक राजेंद्र पांडेय ने कहा कि हमारा सदस्यता अभियान सही मायने में 16 अक्टूबर को ही प्रारंभ हो रहा है क्योंकि हमारा सक्रिय कार्यकर्ता ही वास्तविक कार्यकर्ता हैं। सक्रिय कार्यकर्ता ही किसी भी प्रकार का पदाधिकारी बन सकता है बूथ समिति से लेकर जिला पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय कार्यकर्ता होना आवश्यक हे। जिस कार्यकर्ता ने एक ही विधानसभा के 100 लोगों को भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता अपने रेफरल कोड से कराई है जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि बैठक को राज्यमंत्री राधा सिंह, विधायक रामनिवास शाह एवं राजेंद्र मेश्राम ने भी संबोधित किया तथा संचालन जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह ने किया एवं आभार प्रकटन सक्रिय सदस्यता टोली के सदस्य अनंत शुक्ला ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह, आशा यादव, राजेश तिवारी, डाक्टर रविन्द्र सिंह, प्यारेलाल चतुर्वेदी, जिला महामंत्री राजकुमार दुबे, जिला मंत्री पूनम गुप्ता, प्रवेंद्र धर, विनोद चौबे, बविता जैन, ध्रुव सिंह, कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा, विधानसभा प्रभारी संतोष वर्मा, समस्त मंडल अध्यक्ष एवं मंडलों के प्रभारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बाजार आये बालक को 1 घंटे में दस्तायाब कर परिजनो को किया सुपूर्द

**सिंगरौली।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, राहुल कुमार सैयाम एसडीओपी देवसर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जियावन राजेन्द्र पाठक व पुलिस टीम ने बालक को 1 घंटे में दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया। जानकारी मे बताया गया कि 16 अक्टूबर को फरियादिया द्वारा थाना जियावन आकर सूचना दि गई की मेरा 5 वर्ष का नाती मेरे साथ देवसर बाजार में आया था। अचानक वह बाजार में कही गुम गया है। उक्त सुचना पर तत्काल थाना प्रभारी जियावन द्वारा एक पुलिस टीम बालक को खोजने के लिये रवाना की गई। उक्त बालक को देवसर बाजार से पुलिस टीम द्वारा 1 घंटे में दस्ताब कर परिजनो को सुपुर्द किया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी जियावन निरीक्षक राजेनद्र पाठक, सउनि जेपी वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# ग्राम लहसुना में आयोजित हुआ संभाग स्तरीय जन कल्याण शिविर

## जन कल्याण शिविर में 330 मरीज का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, उपलब्ध कराई गई निः शुल्क दवाइयां

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री श्रीमन शुक्ला की पहल पर शहडोल संभाग के अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत जैतहरी के दूरस्थ जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायत लहसुना में संभाग स्तरीय जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमन शुक्ला, अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण श्री रामलाल रौतेल, विधायक पुष्पराजगढ़ श्री फुंदेलाल मार्को, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर, कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित अन्य अधिकारी की उपस्थिति में जनमानस की समस्याएं सुनी गई एवं समस्याओं के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए। संभाग स्तरीय जन कल्याण शिविर में लगभग 352 समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिसंख्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों के निराकरण हेतु समय सीमा निर्धारित करते हुए कमिश्नर शहडोल संभाग ने समय सीमा में आवेदनों की निराकरण करने की निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनकल्याण शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जनकल्याण शिविर में कृषि विभाग ,उद्यानिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, ग्रामीण एवं यांत्रिकी सेवा विभाग, पशुपालन विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन, राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग शिक्षा विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए थे।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार का आरोपी 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार



**सिंगरौली।** खुटार चौकी पुलिस ने बलात्कार के फरार आरोपी को महज 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करतें हुए न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार खुटार चौकी क्षेत्र अतर्गत कल एक युवती ने एक युवक पर 3 साल से बातचीत करने और शादी का झांसा देकर बलात्कार करने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद आरोपी फरार हो गया था। शिकायत की सूचना चौकी प्रभारी साहब लाल सिंह ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जहां पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के नेतृत्व में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी साहब लाल सिंह आरोपी मनीष कुमार वर्मा की को पकड़ने के लिए कई जगह दबिश दी। जहां पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को गांव डगा थाना बरगवां से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपी को न्यायालय पेश करते हुए न्यायालय के आदेश के पचौर जेल भेज दिया। इस कार्यवाही मे चौकी प्रभारी साहबलाल सिंह, सउनि राजेश मिश्रा, राय सिंह, गजराज सिंह, अभिषेक कुमार, प्रदीप राठौर, गौरव यादव, राजेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : आयुक्त

## आयुक्त द्वारा मोरवा में सफाई व्यवस्था का किया गया निरीक्षण

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम आयुक्त डीके शर्मा द्वारा प्रत्येक सुबह अलग अलग वार्ड में जाकर स्वच्छता की व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है और संबंधित कर्मचारियों को कड़े निर्देश देते हुए तात्कालिक सफाई कराई जा रही है।आयुक्त ने मोरवा जोन में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 3,8 और 9 में रहवासियों के बीच जाकर स्वच्छता की स्थिति को समझा और जहां गंदगी दिखी तत्काल संबंधित कर्मचारियों को निराकरण करने का निर्देश जारी किया गया।

वार्ड निरीक्षण के दौरान नालियों की सफाई,खाली प्लाट में पड़े कचरों को शत प्रतिशत साफ करने के लिए आयुक्त ने तीन दिन का समय दिया है और कहा कि तीन दिन बाद वो स्वयं पुनः



निरीक्षण के लिए आयेंगे और अगले तीन वार्ड की सफाई का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।आयुक्त द्वारा मोरवा जोनल ऑफिस में पार्षद परमेश्वर पटेल की उपस्तिथि में कर्मचारियों की बैठक ली और स्वच्छता के लिए काम कर रही सीटाडेल प्रबंधन को कचरा उठाव सहित वाहनों की उपलब्धता के निर्देश दिए।मुख्य कार्यालय के निगम सभागार में स्वच्छता शाखा की बैठक लेकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024,कचरा मुक्त शहर और वाटर प्लस के दिशा निर्देशों हेतु क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया और परिपालन के निर्देश जारी किए गए और प्रत्येक मानकों की वास्तविक स्थिति और गैप हेतु चेक लिस्ट तैयार कर निरीक्षण दल का गठन किया गया।आयुक्त ने स्वच्छता अभियान के बारे में बताया कि हम प्रत्येक सुबह अलग अलग वार्ड में स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं और कचरा वाहन द्वारा शत प्रतिशत कचरा संग्रहण,नालियों की सफाई इत्यादि का स्वयं मुआयना करते हुए नागरिकों से संवाद कर रहे हैं जहां कमी दिखती है उसे तत्काल प्रभावी तरीके से समाधान करने के उपाय किए जा रहे हैं। नगर निगम का लक्ष्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का है और उसके लिए यथासंभव प्रयास सुनिश्चित किए जा रहे हैं।उक्त भ्रमण में उपायुक्त आर पी बैस,स्वच्छता निरीक्षक राजीव सिंह और राम दरस पांडेय,सहायक यंत्री अभयराज सिंह, सिटाडेल प्रोजेक्ट मैनेजर रावेंद्र सिंह,जोनल मैनेजर विवेक सिंह, जोनल इंचार्ज रोहित चौरसिया, सिटाडेल सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर विनय पांडेय, केपीएमजी से सौरभ सिंह,आईईसी टीम से नितेश सिंह और इंडिपेंडेंट इंजीनियर भूपेश राणा की उपस्तिथि रही।

# समाधान दिवस में 500 से अधिक शिकायतों का हुआ निराकरण

## जनपद मुख्यालयों में हुआ शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन



**सीधी।** समाधान ऑनलाइन में चयनित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार बुधवार 16 अक्टूबर को समाधान दिवस के रूप में मनाया गया। निर्देशानुसार जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में शिकायत निवारण के मेगा कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित समस्त विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में चिन्हित विषयों से संबंधित शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर तथा विभागीय समन्वय कर 512 शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत किया गया। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 134, मझौली में 130, सिहावल में 114, सीधी में 99 तथा कुसमी में 35 शिकायतों को निराकृत किया गया। आवास सहायता योजना की राशि प्राप्त न होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होना आवास सहायता आदिम जाति कल्याण विभाग, छात्रावासों में आवास/भोजन/ साफ सफाई आदि की सुविधा न होना/ प्रवेश न मिलने/ अतिक्रमण/ छात्रावास में अधीक्षक /कर्मचारियों से संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), जननी सुरक्षा योजना/ मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना (संबल) अंतर्गत पात्रता के अनुसार राशि प्राप्त न होने के संबंध में (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), नवीन राशन कार्ड जारी करना (नया राशन कार्ड/पात्रता पर्ची बनवाने के संबंध में) खाद्य आपूर्ति विभाग, नामांतरण संबंधी राजस्व मामले एवं बंटवारा संबंधी मामले (राजस्व विभाग), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) स्वीकृत आवास की राशि प्रदान करने के संबंध में (प्रधानमंत्री आवास योजना), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित दिनांक 01.01.2017 से प्रारम्भ (महिला एवं बाल विकास), पोस्ट मेट्रिक/प्रवीण्य/विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति नहीं मिलने संबंधी (पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग), बिजली न आने/वोल्टेज से संबंधित (ऊर्जा विभाग), मध्यप्रदेश असंगठित शहरी/ ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्डल संबल योजना से संबंधित (मध्यप्रदेश असंगठित शहरी, ग्रामीण कर्मकार कल्याण मण्ड संबल योजना-श्रम विभाग), विवेचना में विलंब व लापरवाही करना, समय से प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत नही करना, किसी पक्ष से मिलकर दबाव में सही कार्यवाही विवेचना न करना (पुलिस), शिष्यवृत्ति, छात्रवृत्ति प्राप्त न होना, विलंब से प्राप्त होना, निर्धारित दर से प्राप्त न होने संबंधी (अनुसूचित जाति कल्याण विभाग), समेकित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 01 से 12 तक शिक्षनार्थियों के लिए छात्रवृत्ति न मिलने संबंधी (लोक शिक्षण) एवं 100 दिवस से लंबित समस्त शिकायतें समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सम्मिलित हैं।

# मानसून मेन्टीनेशन एवं टेस्टिंग कार्य से विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित


**सीधी।** अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि 132 के.व्ही. उपकेन्द्र रामपुर नैकिन में 40 एम.व्ही.ए. का पोस्ट मानसून मेन्टीनेशन एवं टेस्टिंग कार्य कराने के लिए दिनांक 17.10.2024 को सुबह 11 बजे से 05 बजे तक 33 के.व्ही. रामनगर, बधवार, धनहा, रामपुर नैकिन एवं कोठिया फीडर से संबंधित सभी गॉव में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# संयुक्त कलेक्टर नीलेश कुमार शर्मा को उप जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्य सुविधा के दृष्टि से श्री नीलेश कुमार शर्मा संयुक्त कलेक्टर जिला सीधी अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप उप जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य निर्वाचन) जिला सीधी होंगे। इस हैसियत से निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे।

# फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिए सुपर सीडर से करें बुवाई

## कृषकों को अनुदान पर कृषि यंत्र सुपर सीडर की है उपलब्धता



**सीधी।** जिले में मुख्य रूप से धान एवं गेहूँ की फसल कृषकों द्वारा ली जाती है। इन फसलों की कटाई के पश्चात् कृषक फसल अवशेषों में आग लगा देते हैं, जिससे खेत की उर्वरता प्रभावित होती है तथा पर्यावरण को भी नुकसान होता है। साथ ही आग लगने का भी खतरा बना रहता है। सहायक कृषि यंत्री ने इन समस्याओं के समाधान हेतु कृषकों को आधुनिक कृषि यंत्र सुपर सीडर के उपयोग की सलाह दी है।

सुपर सीडर- कम्बाईन हार्वेस्टर से अधिक ऊँचाई पर फसल की कटाई उपरांत इस यंत्र से तत्काल बिना जुताई अगली फसल की बुवाई की जा सकती है। पूर्व फसल के अवशिष्टों की मल्चिंग कर मृदा सुधार का कार्य करता है। फसल अवशिष्टों को जलाने की कुप्रथा को हतोत्साहित कर पर्यावरण संरक्षण और संरक्षित कृषि को प्रोत्साहन मिलता है। संरक्षित कृषि पद्धति के कारण समय, परिश्रम, लागत और सिंचाई जल में उल्लेखनीय बचत के साथ उत्पादन की मात्रा और गुणवत्ता में वृद्धि होती है। इस यंत्र के उपयोग से खरपतवारों के अंकुरण पर प्रभावी नियंत्रण होता है तथा विलंबित खरीफ की स्थिति होने पर रबी फसलों की यथा समय बुवाई संभव है।

उक्त यंत्र कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय म.प्र. द्वारा मॉग अनुसार श्रेणी अंतर्गत अनुदान पर उपलब्ध है, जिसमें ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल अंतर्गत आवेदन करने पर कृषकों को अनुदान पर कृषि यंत्र सुपर सीडर उपलब्ध कराया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक कृषि यंत्री, कृषि अभियांत्रिकी, सीधी में कृषक संपर्क कर सकते हैं। आवेदन हेतु कृषकों को आधार कार्ड, खतौनी, बैंक पास बुक, ट्रैक्टर रजिस्टेशन, अनु.जा. एवं अनु.ज.जा. कृषकों हेतु जाति प्रमाण पत्र एवं 05 हजार रूपये की धरोहर राशि सहायक कृषि यंत्री सीधी के नाम से बनवाकर अधिकृत विक्रेता अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (एमपी ऑनलाइन) के माध्यम से ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल (तिउमतण्उचकंहमण्वतह) से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर उक्त यंत्र पर अनुदान का लाभ ले सकते हैं।

# शतरंज प्रतियोगिता में जौहर दिखाएंगे हर्षित और आदित्य

सीधी

अदित्या बिड़ला ग्रुप द्वारा आयोजित की जाने वाली शतरंज प्रतियोगिता में आदित्य बिड़ला हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र हर्षित मिश्रा और आदित्य कुशवाहा प्रतिभा करेंगे। यह प्रतियोगिता 18 और 19 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, भाटापारा, रावन में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में आदित्य बिरला ग्रुप के 14 विद्यालयों के प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे। इसमें आदित्य बिड़ला हायर सेकेंडरी स्कूल सीधी म.प्र. से सब जूनियर वर्ग में हर्षित मिश्रा पिता ज्ञानेंद्र मिश्रा तथा जूनियर वर्ग में आदित्य कुशवाहा पिता राजबहोर कुशवाहा शामिल होंगे। ये बच्चे विद्यालय के खेल प्रशिक्षक प्रकाश प्रजापति के साथ रवाना होंगे। विद्यालय की प्रबंधन समिति सहित विद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार पाण्डेय ने बच्चों को अग्रिम शुभकामनाएं देकर उन्हें उत्साहित किया।

# खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना अन्तर्गत अरहर किस्म पूसा अरहर 16 प्रदर्शनों का अवलोकन किया गया : उप संचालक




**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में सीधी जिले के किसानों के यहां वर्ष खरीफ 2024 में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा दलहन अन्तर्गत कृषक भैयालाल ग्राम छुही एवं भारत साहू ग्राम तिलवारी विकासखण्ड मझौली के यहां अरहर किस्म पूसा अरहर 16 पर आयोजित प्रदर्शनों का अवलोकन दिनांक 15.10.2024 को संजय कुमार श्रीवास्तव उप संचालक कृषि सीधी द्वारा किया गया। उनके साथ परसोत्तम बागरी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मझौली, बंटीलाल तकनीकी सहायक सीधी, राकेश बहादुर सिंह कृषि विस्तार अधिकारी मझौली, गौतम पाटीदार कृषि विस्तार अधिकारी मझौली, किशोर रावत कृषि विस्तार अधिकारी मझौली एवं स्थानीय कृषक उपस्थित रहे।

अवलोकन करते हुये मौके पर अरहर, धान की फसल स्वस्थ पाई गई। किसानों को अरहर फसल में पौध संरक्षण हेतु कली बनने पर क्लोरॅन्त्रानिलीप्रोल 18.5 प्रतिशत एस.सी. (5मिली/10 लीटर)का छिड़काव करें। कली खिलने की शुरूआत में डेल्टामेथ्रिन 2.8 प्रतिशत ई.सी. (1मिली./लीटर) छिड़काव करें, फली छेदक कीट नियंत्रण हेतु क्लोरॅन्त्रानिलीप्रोल 18.5 प्रतिशत एस.सी. (5मिली/10 लीटर) का छिड़काव करें।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 2024 रीवा दिनांक 23 अक्टूबर 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक ली गई। बैठक में जिले के उद्योगपतियों एवं निवेशकों से उनकी समस्याओं एवं सुझावों के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव रीवा में सभी उद्योगपतियों एवं निवेशकों को बढ़ चढ़ कर सहभागिता हेतु भी प्रोत्साहित किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास एवं नोडल अधिकारी निवेश प्रोत्साहन केंद्र नीलेश शर्मा, महाप्रबंधक एमपीआईडीसी आर के सिंह, प्रभारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्रद्धा गोखले एवं जिले के प्रमुख उद्योगपति एवं निवेशक उपस्थित रहे।

# सांसद ने चुरहट विधानसभा के दर्जनों गांवों में लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ राजेश मिश्रा ने चुरहट विधानसभा के दर्जनों ग्रामो में भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व सदस्यता अभियान के अंतर्गत सैकड़ो लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और सदस्यता अभियान में लगे कार्यकर्ताओं की हौसला अफ़जाई की।

कार्यकर्ताओं को पार्टी का सदस्य बनाने के पश्चात नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सच्चे अर्थों में लोकतंत्र है। यहां पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष से लेकर प्रधानमंत्री तक बन सकता है। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से भारत माता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है, चाहे कोविद काल हो, चाहे जम्मू कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति हो या सर्जिकल स्ट्राइक, सभी ने भारत के गौरव को विश्व मानस पटल पर बढ़ाया है।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सभी कम से कम 100 सामान्य सदस्य अनिवार्य रूप से बनाएं क्योंकि 100 सामान्य सदस्य बनाने वाला व्यक्ति ही सक्रिय सदस्य बनेगा। सक्रीय सदस्य बनने का मतलब है पार्टी की प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न प्रकार की जिम्मेवारियां लेकर जनता जनार्दन की सेवा करना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष रजनीश शुक्ला, प्रदीप पांडेय, रंजना मिश्रा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शासन की उपेक्षा का दंश झेल रहीं है कार्यकर्ता, सहायिका

**सीधी।** महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा अपने विभिन्न मागों को लेकर रैली निकाली गई एवं मागों से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिलाध्यक्ष रानी द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टर को सौंपा गया है। बताया गया की सौंपें गए ज्ञापन में विभिन्न बिंदु शामिल है जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की न्यूनतम वेतन कम से कम 24 हजार रुपए प्रतिमाह एवं सेवानिवृत्ति पर 10 हजार पेंशन का प्रावधान निर्धारित किया जाए। इसके अलावा आंगनबाड़ी सहायिका एवं मिनी आंगनवाड़ी केन्दो के कार्यकर्ताओं का भी मानदेय बहुत कम है जिसे बढ़ाया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान रानी द्विवेदी जिला अध्यक्ष, अनीता सिंह चौहान जिला सचिव, कुसुम सिंह परिहार कोषाध्यक्ष, मुन्नी द्विवेदी, मधु जायसवाल, अरुणा जायसवाल, मीरा सिंह, डाली सिंह, प्रतिभा सिंह, अन्नू सिंह, ज्योत्सना सिंह, ममता वैश्य, रेनू सिंह, विजयलक्ष्मी, आशा सिंह, सुनीता जायसवाल, ज्ञानवती, सीमा सिंह, रमा सिंह, प्रियंका मिश्रा सहित काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल रही।

# मासिक सैनिक सम्मेलन 23 अक्टूबर को

**सीधी।** ग्रुप कैप्टन सिद्धार्थ श्रीवास्तव (से.नि.) जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सीधी ने सूचित किया है कि दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को सुबह 10 बजे (दिन बुधवार) को मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। साथ ही आईसीआईसीआई बैंक सीधी की टीम द्वारा स्पर्श एवं जीवित प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी दी जावेगी। जिन भूतपूर्व सैनिकोंध्विधवाओ की स्पर्श से पेंशन में कोई भी परेशानी हो रही है अथवा अन्य कोई समस्या हो तो सभी दस्तावेजों के साथ अवश्य पधारें और अपने समस्या का निराकरण करवाये।

# फर्जी विकलांग बने शिक्षकों पर दर्ज होगा पुलिस प्रकरण

**सीधी।** प्रदेश सरकार द्वारा विकलांग शिक्षकों का मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराने के निर्देश एवं लोक शिक्षण संस्थान भोपाल के निरंतर निर्देश के बाद भी जिले में फर्जी विकलांग बने शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही करने में जिला शिक्षा अधिकारी हीलाहवाली कर रहे हैं। किंतु सिविल सर्जन उक्त मामले में कड़ा रूप अपनाते हुए विगत दो वर्षों से मेडिकल बोर्ड के समक्ष मेडिकल परीक्षण के लिए न आने वाले फर्जी विकलांग बने शिक्षक श्रीमती रमा पाण्डेय पति राकेश पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला खरहना, प्रकाश पाण्डेय पिता स्व. गणेशमणि पाण्डेय जन शिक्षक संकुल केंद्र भरतपुर एवं अंकिता पाण्डेय पिता राकेश पाण्डेय निवासी ग्राम भरतपुर के विरुद्ध पुलिस प्रकरण दर्ज कराने के लिए सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सीधी द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को पत्र लिखा गया है। सिविल सर्जन ने फर्जी विकलांग अंकिता पाण्डेय पिता राकेश पाण्डेय, श्रीमती रमा पाण्डेय पति राकेश पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय पिता स्व. गणेशमणि पाण्डेय ग्राम सगौनी पोस्ट भरतपुर थाना रामपुर नैकिन को मेडिकल बोर्ड कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर मेडिकल परीक्षण कराने के लिए दिनांक 26 जून 2023 से लेकर 7 अगस्त 2024 तक करीब आधा दर्जन बार संबंधित जनों को पत्र लिखा गया।

किंतु संबंधित फर्जी विकलांग मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। तब सिविल सर्जन ने 7 अगस्त 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी सीधी को पत्र लिखकर शिक्षक श्रीमती रमा पाण्डेय एवं प्रकाश पाण्डेय को मेडिकल बोर्ड सीधी के समक्ष उपस्थित कराने के लिए पत्र लिखा गया। उसी तारतम्य में जिला शिक्षा अधिकारी ने 14 अगस्त 2024 को संकुल प्राचार्य भरतपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी सतना को पत्र लिखकर 20 अगस्त 2024 को उक्त दोनो शिक्षकों को जिला मेडिकल बोर्ड में उपस्थित कराने के निर्देश दिए। 20 अगस्त को जब उक्त दोनो शिक्षकों के द्वारा मेडिकल बोर्ड में उपस्थित नहीं हुए तब पुनः सिविल सर्जन ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया कि श्रीमती रमा पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक खरहना एवं प्रकाश पाण्डेय उच्च शिक्षक देवदहा मेडिकल परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए उक्त शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही कर सूचित करने का कष्ट करें।

### डीईओ पत्र पाते ही बीमार हो गए शिक्षक

जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा मेडिकल बोर्ड में उपस्थित होकर मेडिकल परीक्षण कराने के लिए दिनांक 14 अगस्त 2024 को पत्र लिखकर श्रीमती रमा पाण्डेय पति राकेश पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक खरहना उपस्थित होने के निर्देश दिए तो श्रीमती रमा पाण्डेय ने संकुल प्राचार्य भरतपुर को बीमार होने की सूचना दे दी। मेडिकल बोर्ड से मेडिकल परीक्षण कराने के लिए फर्जी विकलांग बने शिक्षकों के द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उधर जिला शिक्षा अधिकारी सतना के द्वारा प्रकाश कुमार पाण्डेय उच्च शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवदहा जिला मैहर को 20 अगस्त 2024 को मेडिकल बोर्ड सीधी में उपस्थित होने के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया था। किंतु प्रकाश पाण्डेय ने मेडिकल बोर्ड में बिना उपस्थित ही पुनः विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करा दी। उधर अंकिता पाण्डेय पिता राकेश पाण्डेय के द्वारा सिविल सर्जन की नोटिस में बार-बार यह लिखकर वापस कर दी जाती है कि संबंधित जन गांव में नहीं रहते। मेरे द्वारा कलेक्टर को लिखित शिकायत कर रामपुर नैकिन थाना अंतर्गत आदतन अपराधी राकेश पाण्डेय के परिवार से तीनों व्यक्ति फर्जी विकलांग बने हुए हैं। जिसमें राकेश पाण्डेय की पत्नी शिक्षक श्रीमती रमा पाण्डेय, उनकी पुत्री अंकिता पाण्डेय, उनके भाई प्रकाश कुमार पाण्डेय शामिल हैं। ये तीनों व्यक्ति सिविल सर्जन व जिला शिक्षा अधिकारी के बार-बार पत्र लिखने के बाद भी मेडिकल बोर्ड में मेडिकल परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

# गंगोत्री रिसॉर्ट में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ आज से

## देश की प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्या प्राची देवी द्वारा 17 से 23 अक्टूबर तक होगा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**सीधी।** देश की प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्या प्राची देवी मूर्ति के मुख से संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का वाचन कल 17 से 23 अक्टूबर तक जिला मुख्यालय सीधी के गंगोत्री रिसॉर्ट एवं मैरिज गार्डन डैनिहा में किया जावेगा। उक्त भक्तिमय आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

गंगोत्री रिसॉर्ट एवं मैरिज गार्डन डैनिहा सीधी में होने वाले संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सतीश गुप्ता ने बताया कि देश की प्रसिद्ध कथा वाचक पूज्या प्राची देवी जी का आज सीधी आगमन हो गया है। कथा वाचक पूज्या प्राची देवी जी के मुख से 17 से लेकर 23 अक्टूबर तक गंगोत्री गंगोत्री



रिसॉर्ट एवं मैरिज गार्डन डैनिहा सीधी में रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का वाचन किया जायेगा। आयोजन की तैयारी पूर्ण हो गयी है।श्री गुप्ता ने बताया कि कथा के मुख्य श्रोता श्रीमती विमला-लक्ष्मीचन्द गुप्ता रहेंगे।

### प्रथम दिवस निकलेगी भव्य मंगल कलश यात्रा

संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ प्रारम्भ के प्रथम दिवस 17 अक्टूबर को भव्य मंगल कलश यात्रा पूजा पार्क से दोपहर 12 बजे निकलकर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ स्थल गंगोत्री गंगोत्री रिसॉर्ट एवं मैरिज गार्डन डैनिहा सीधी पहुंचेगी। उसके पश्चात देव स्थापना महात्म एवं 3 बजे से विराट स्वरूप वर्णन से कथा का आयोजन शुरु होगा। द्वितीय दिवस मनुकर्दन संवाद एवं सती प्रसंग, तृतीय दिवस ध्रुव चरित्र, चतुर्थ दिवस श्री कृष्ण जन्म एवं गंगा अवतरण, पंचम दिवस बाललीला, माखन चोरी, कालिका वध एवं गोवर्धन पूजा होगी। षष्ठ दिवस रासलीला, केस उद्धार एवं रुक्मणि विवाह की कथा होगी। कथा के अन्तिम सप्तम दिवस 23 अक्टूबर को कलयुग वर्णनए परिक्षित मोक्ष एवं सुदामा चरित्र की कथा की जायेगी।

### विशाल भण्डारा एवं रामलीला की प्रस्तुति 24 को

गंगोत्री रिसॉर्ट एवं मैरिज गार्डन डैनिहा सीधी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के समापन के बाद 24 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 6 तक प्रसाद वितरण, ब्राह्मण भोजन एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। सांय 7 बजे से श्रीरामलीला की प्रस्तुति होगी।

## संपादकीय

### कानून-व्यवस्था पर चुनौती

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और नेता बाबा सिद्दीकी की विजयादशमी के दिन मुंबई के बांद्रा में हुई हत्या अगर अचानक सबसे बड़े चुनावी मुद्दे के रूप में उभरती दिख रही है तो इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं। विधानसभा चुनावों के ऐन पहले हुई इस हत्या ने न केवल सबको सकते में डाल दिया बल्कि यह सवाल भी खड़ा कर दिया कि क्या देश की वित्तीय राजधानी एक बार फिर गैंगवॉर और अंडरवर्ल्ड के खौफ वाले दौर का गवाह बनने जा रही है। सड़कों पर शूटआउट, गैंगवॉर और बड़े कारोबारियों, बिल्डरों, फिल्मी हस्तियों को धमकियां, वसूली, यहां तक कि हत्या भी मुंबई के लिए कोई नई बात नहीं हैं। नब्बे के दशक के उस दौर की यादें आज भी आम मुंबईकरों के मन से मिटी नहीं हैं। लेकिन कुछ तो मुंबई पुलिस की सख्ती और कुछ आर्थिक गतिविधियों के स्वरूप में आए बदलाव ने उस दौर को अतीत के हिस्से का रूप दे दिया। सिद्दीकी की हत्या से वही डरावना अतीत अचानक वर्तमान में दस्तक देता महसूस हुआ। जिस तरह पहले से धमकी देकर और बाय-लेवल पुलिस सुरक्षा को भेदते हुए बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई, वह अपराधियों के बढ़े हुए मनोबल के साथ ही पुलिसिया तंत्र की कमजोरी भी दर्शाता है। शुरुआती रिपोर्टों में अपराध को अंजाम देने और उसकी जिम्मेदारी लेने के अंदाज के आधार पर इसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग की करतूत बताया जा रहा है। हो सकता है यह सच हो, लेकिन 'सलमान खान का साथ देना' इतनी बड़ी वारदात का कारण होगा, यह मानना मुश्किल है। ध्यान रहे, इन चुनावों में धारावी री-डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट एक बड़ा मुद्दा है। खुद बाबा सिद्दीकी भी ईडी जांच के घेरे में थे। उन पर महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड के चेयरमैन पद के दुरुपयोग का आरोप था। इस मामले में 462 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हो चुकी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच से हत्या के असली कारणों का खुलासा होगा।

**नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है।**

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, सख्त कार्रवाई की दरकार

(ललित गर्ग)

बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हो रहे हमलें, मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में मुकुट का चोरी होना, हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है, अपेक्षा है सरकार भी जैसे को तैसे वाली स्थिति में आकर हिन्दुओं की रक्षा की सार्थक एवं प्रभावी पहल करें।

बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी-सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुईं। आज बांग्लादेश सांप्रदायिकता एवं कट्टरता की आग में झुलस रहा है। सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दोराहे पर खड़े बांग्लादेश में यह खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे की गंभीरता को देखते हुए वहां अंतरिम सरकार ने हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या अल्पसंख्यकों के किसी भी धार्मिक संस्थान पर हमलों की जानकारी देने के लिए हॉटलाइन शुरू की थी, लेकिन कितनी ही शिकायतें मिलने के बावजूद उन पर कार्रवाई का न होना, इनको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार का चुप्पी साधे रखना इस समस्या को गंभीर बना रहा है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी वहां के हिंदुओं के लिए ही नहीं, भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। इन हमलों एवं कट्टरतावादी शक्तियों का सक्रिय होना भारत एवं बांग्लादेश दोनों ही देशों के लिये खतरनाक है। कट्टरपंथियों के निरंकुश



बने रहने से वहां की सरकार के इरादे और इच्छाशक्ति सवालों के घेरे में है।

भारत ने उचित तरीकों से ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्तों में खटास घोलते हुए एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। दुर्गापूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा एवं डरा देने वाली है। जेशोश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गापूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ऐसे में लगातार बिगड़ती स्थितियों में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। यह एक अराजकता की स्थिति है।

बांग्लादेश में बद से बदतर हो रहे हालात एवं हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, हमलों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सावधान कर कोई गलत नहीं किया। सक्रिय, व्यवस्थित और संगठित होकर ही ऐसी नापाक एवं संकीर्ण मानसिकताओं का माकुल जबाव दिया जा सकता है। भागवत ने कहा, ''दुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए। अगर आप संगठित नहीं रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।'' देश के दुश्मनों की ओर इशारा करते हुए मोहन भागवत ने कहा, ''भारत लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब कोई भी देश जो आगे बढ़ रहा होता है तो उसकी राह में अड़ंगा लगाने वाले लोग भी बहुत सारे होते हैं। इसलिए दूसरे देशों की सरकारों को कमजोर करना दुनिया में चलता रहता है।' लेकिन किसी राष्ट्र को कमजोर करने के लिये हिंदुओं यानी अल्पसंख्यकों पर हमलों का सहारा लेना, उन्हें प्रोत्साहित करना विकृत एवं अराष्ट्रीय मानसिकता का द्योतक है।

वैसे भी बांग्लादेश का विकास भारत के सहयोग पर निर्भर है, जिस भू-भाग को रवींद्रनाथ टैगोर 'आमार सोनार बांग्ला' (मेरा स्वर्णिम बंगाल) कहते थे, जहां की अर्थ-व्यवस्था एवं अन्य विकास योजनाएं भारत के सहयोग से ही आगे बढ़ती रही है, कभी भारत की कोशिशों से ही बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। बांग्लादेश को आधी से ज्यादा बिजली भारत से मिलती है। अनाज की बड़ी सप्लाई भी भारत से होती है। अगर भारत ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिए तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है। बावजूद इन सब स्थितियों के वहां भारत-विरोधी घटनाओं का उग्र से उग्रतर होना खुद के पांव पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा है। बांग्लादेशी आकाओं को भगवान सद्बुद्धि दे। फिर भी अगर बांग्लादेश नहीं सुधरता है तो समय आ गया है कि हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं पर भारत कड़ा रुख अख्तियार करे। बांग्लादेश पर दबाव बनाने के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को पुरजोर ढंग से उठाना चाहिए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने की जरूरत है। हिन्दू धर्म भारत की संस्कृति एवं आत्मा है। हिन्दू धर्म संयम, त्याग और बलिदान का धर्म है। इसमें हमेशा दूसरे धर्मों को सम्मान देने का काम किया है। हिन्दू धर्म उदारता, प्रेम, आपसी सद्भाव और सहनशीलता पर आधारित धर्म है। हिन्दू धर्म की सहिष्णुता को कमजोर मानकर हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य लगातार होता रहा है।

**विदेशी छात्र कनाडा की अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष करीब 22.3 अरब डॉलर का योगदान करते हैं। इसका एक बड़ा हिस्सा भारतीय छात्रों से आता है, क्योंकि वे कनाडाई विश्वविद्यालयों में सबसे बड़ी तादाद में हैं। ये भी जानना जरूरी है कि विदेशी छात्र निजी कॉलेजों में कनाडाई छात्रों की तुलना में तीन से पांच गुना अधिक भुगतान करते हैं।**

## भारतीयों के बिना नहीं चल पाएगा ट्रूडो का काम...

(रिजवान)

भारत और कनाडा के बीच तनाव एक बार फिर से काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसकी वजह कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का बयान है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके पास इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि भारतीय सरकार के एजेंट कनाडा में सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा पहुंचाने में शामिल रहे हैं। ट्रूडो के बयान पर भारत सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे खारिज कर दिया। इतना ही राजनयिक निष्कासन भी हुए हैं और दोनों पक्षों के शीर्ष प्रतिनिधियों को बाहर कर दिया गया है।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिन ट्रूडो ने एक कार्यक्रम में कहा, मुझे लगता है कि भारत सरकार ने यह सोचकर बुनियादी गलती की कि वे कनाडा की धरती पर कनाडाई लोगों के खिलाफ आपराधिक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं। चाहे वह हत्या हो, जबरन वसूली या दूसरे किस्म की हिंसा। हमने साफ किया है कि यह सभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ट्रूडो के इस बयान से विवाद बढ़ा है और इस विवाद ने कनाडा में रहने वाले भारतीयों की तरफ भी ध्यान खींचा है। कनाडा में भारतीय शिक्षा से लेकर श्रम और व्यवसाय तक एक बड़ी भूमिका निभाते हैं।

**कनाडा है भारतीयों का पसंदीदा विकल्प:** भारतीयों को कनाडा बीते कुछ दशक में काफी पसंद आया है। भारतीयों के लिए कनाडा विदेश जाने के लिए शीर्ष विकल्प बना हुआ है। एक हालिया रिपोर्ट से पता चला है कि 2013 के बाद से कनाडा में प्रवास करने वाले भारतीयों की संख्या चार गुना से भी ज्यादा हुई है। भारतीय छात्र भी दूसरे देशों की तुलना में कनाडाई विश्वविद्यालयों को चुनते हैं।

नेशनल फाउंडेशन फॉर अमेरिकन पॉलिसी ने इस साल की शुरुआत में बताया है कि 2013 और 2023 के बीच, कनाडा जाने वाले भारतीयों की संख्या 32,828 से बढ़कर



1,39,715 हो गई, जो 326 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं पिछले दो दशक में कनाडाई विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने वाले भारतीयों की संख्या में 5,800 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 में कनाडा में करीब 8,00,000 अंतरराष्ट्रीय छात्रों में से 40 प्रतिशत भारत के थे।

**कनाडा की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का योगदान:** कनाडा में भारतीयों की इतनी बड़ी संख्या है तो जाहिर है कि वे कनाडा की अर्थव्यवस्था में भी बड़ा रोल निभाते हैं। विदेशी छात्र कनाडा की अर्थव्यवस्था में प्रति वर्ष करीब 22.3 अरब डॉलर का योगदान करते हैं। इसका एक बड़ा हिस्सा भारतीय छात्रों से आता है, क्योंकि वे कनाडाई विश्वविद्यालयों में सबसे बड़ी तादाद में हैं। ये भी जानना जरूरी है कि विदेशी छात्र निजी कॉलेजों में कनाडाई छात्रों की तुलना में तीन से पांच गुना अधिक भुगतान करते हैं। कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय छात्र सालाना औसतन 14,306 डॉलर (8 लाख रुपए) ट्यूशन फीस देते हैं, जबकि कनाडाई छात्रों 3,228 डॉलर (लगभग 2 लाख रुपए) फीस ही देते हैं। साफ है कि भारतीय छात्र कनाडा के कॉलेजों को बड़ी रकम दे रहे हैं, जो दरअसल उनके छात्रों के लिए मददगार बनती है। कनाडा के पूर्व ऑडिटर-जनरल बोनी लिसिक कह चुके हैं कि कनाडाई कॉलेजों की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय छात्रों के फंड के भरोसे है।

**भारतीयों का योगदान कॉलेज फीस तक सीमित नहीं:** कनाडा में भारतीयों की अहमियत को सिर्फ छात्रों के योगदान तक सीमित नहीं किया जा सकता है। भारतीय कनाडा के रियल एस्टेट बाजार को बनाए रखने में भी मदद करते हैं। इसके अलावा, भारतीय छात्र कनाडा सरकार को न्यूनतम वेतन 15 डॉलर प्रति घंटे बनाए रखने में मदद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अंतरराष्ट्रीय छात्र कई क्षेत्रों में कम वेतन वाली नौकरियां करते हैं। अगर भारतीय छात्र कनाडा आना बंद करते हैं तो काम करने वालों की भी भारी कमी हो जाएगी।

कनाडा में सभी व्यवसाय मालिकों में से 33 प्रतिशत अप्रवासी हैं, जिनमें से भारतीयों की बड़ी संख्या है। जाहिर है कनाडा का काम भारतीयों के बिना चलना मुश्किल हो जाएगा। वह चाहे छात्र हों, कामगार हों या फिर दुकानदार और बिजनेस करने वाले लोग हों। सभी जगहों पर भारतीयों की एक बड़ी हिस्सेदारी है।

भारत और कनाडा के बीच बिगड़ते संबंधों का असर निश्चित ही कनाडा में रहने वाले भारतीय प्रवासियों पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कनाडा में रहने वाले भारतीयों पर फिलहाल कोई असर नहीं होगा। हालांकि एक्सपर्ट मान रहे हैं कि दोनों देशों के रिश्तों को देखते हुए भारतीयों को कनाडा में सतर्कता बरतने की जरूरत है।

## वर्ग पहेली 5524

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | 9 | | |
| 10 | | 11 | | ■ | 12 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 |
| 15 | 16 | | 17 | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | | ■ | 20 | | | | ■ |
| ■ | 21 | | | ■ | ■ | 22 | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | | ■ | |

संकेत: बाएं से दाएं
1. मुगल सम्राट अकबर का जन्म 15 अक्टूबर 1542 को यहां के राणा वीरसाला के महल में हुआ था (5)
5. बेबाक, चुकता किया हुआ (2)
7. निंदनीय, अहंकार, नशा (3)
8. देवमंदिर, खुदा का घर (5)
10. झंकृत होना (4)
12. पुराणानुसार सुषेण की कन्या और बाली की पत्नी का नाम (2)
13. विश्वामित्र की पिता और कुशिक राजा के पुत्र का नाम (2)
15. वे प्राणी जो पृथ्वी पर विचरित होते हों (4)
18. देश व राज्य में शांति व्यवस्था बनाए रखने के नियम (3)
20. अभ्यास, योग्यता, कार्यक्षमता (4)
21. हंसी, उपहास, विनोद (3)
22. पैगंबर, ईशदूत, रसूल (2)
24. योगी, ब्रह्मचारी, संयासी (2)
25. प्राचीन भारत का प्रसिद्ध ज्ञानवेद (3)

ऊपर से नीचे
1. कश्मीर की राजधानी श्रीनगर से सात दिनों के पैदल मार्ग पर हिंदुओं का एक तीर्थ स्थान जहां बर्फ के शिवलिंग के दर्शन होते है (5)
2. मनोज, कामदेव, आलिंगन का एक भेद (3)
3. अपशब्द करहना, बुरा-भला कहना (3)
4. मंदिर में घंटा बजने का शब्द, एक अंग्रेजी तोल जो 29 मन के बराबर होती है (2)
5. पश्चिम अफ्रीका के देश घाना की यह राजधानी है (3)
6. पिता का पिता यह कहलाता है (2)
9. वादे देने की पात्रता (5)
11. गंडा-तावीज, अंगत्राण, अंगरक्षी (3)
14. गौरव, दृढ प्रतिज्ञा (2)
16. कमबुद्धि, नासमझ (4)
17. झूमते या इतराते हुए चलना (3)
19. नया, नवीन, नवल (3)
23. जमीन नापने की प्राचीन नाम (2)

### वर्ग पहेली 5523 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| को | ल | का | ता | ■ | मो | सा | द |
| सी | व | न | ■ | ■ | म | ह | ल |
| ■ | ली | न | ■ | को | ■ | स | ह |
| का | न | ■ | वि | रा | ट | ■ | न |
| ल | ■ | सू | र | ज | ■ | श | ■ |
| बे | टा | ■ | ह | वा | म | ह | ल |
| ल | ल | क | ■ | ब | ह | ना | ■ |
| ■ | ना | द | ना | ■ | क | ज | री |

## मलेरिया से भी गंभीर है डेंगू का दंश

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए देश में ड्रोन का प्रयोग अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इंदौर में डेंगू मच्छरों को नष्ट करने के लिए ड्रोन के उपयोग का निर्णय किया गया है। देश के अन्य हिस्सों में भी ड्रोन का उपयोग प्रयोग के रुप में किया जाने लगा है।

भारत सहित दुनिया के देशों में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनिया के देश डेंगू को लेकर अब गंभीर हो गए हैं। इसका बड़ा कारण है कि दुनिया के 130 देश डेंगू की जद में आ चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस समय 4 अरब लोग डेंगू से प्रभावित हो रहे हैं और 2050 तक यह आंकड़ा पांच अरब को पार कर जाएगा। भारत की बात की जाए तो देश के लगभग हर प्रदेश में डेंगू के नित नए केस सामने आ रहे हैं। भले ही यह माना जाता हो कि डेंगू के कारण मौत की दर बहुत कम है और सामान्यतः डेंगू सामान्य पेरासिटामोल और डॉक्टरों के सलाह के अनुसार पेय पदार्थ एलोरा ज्यूस आदि लेने से ठीक हो सकता है। हालांकि कोल्ड ड्रिंक की सलाह नहीं दी जाती है। सामान्यतः यह माना जाता है कि डेंगू के कारण तेजी से प्लेटरेट में कमी आती है पर विशेषज्ञों का मानना है कि प्लेटरेट से भी ज्यादा गंभीर होता है ब्लड प्रेशर में कमी आना है। प्लेटरेट के साथ ही ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखना जरुरी हो जाता है। यह ध्यान रखना अधिक जरुरी हो जाता है कि ब्लड प्रेशर लो नहीं होना चाहिए। डेंगू का असर सीधे लीवर पर पड़ता है और ब्लड के अंतःस्राव की समस्या हो जाती है। जो अपने आप में गंभीर होती है। उल्टी होने से डिहाईड्रेशन की समस्या अधिक गंभीर हो जाती है। दरअसल एक समस्या यह है कि डेंगू का पता भी तीन चार दिन बाद पता चलता है। इसलिए सावधानी सबसे बड़ी जरुरी हो जाती है। खैर सबसे अधिक चिंतनीय यह है कि डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है विश्व स्वास्थ्य संगठन अब अधिक गंभीर हो गया है।

गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि इंडोनेसिया में ड्रोन से सर्वे कर मच्छरों के लार्वा की खोज करके नष्ट करने का यह परिणाम रहा है कि डेंगू के मामलों में 70 फीसदी तक कमी आई है। डेंगू से बचाव के लिए डेंगू मच्छर का खात्मा करने वाले एंटीडेंगू मच्छर को दुनिया के करीब 14 देशों में छोड़े जाने का निर्णय किया गया है। वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोगशाला में एंटीडेंगू मच्छर का सफल प्रयोग किया जा चुका है और ब्राजील में बड़ा केन्द्र बनाते हुए बोल्वाशिया मच्छर का उत्पादन आरंभ कर दिया गया है। हांलाकि किन किन 14 देशों में एंटी डेंगू मच्छरों को छोड़ा जाएगा यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अभी किया जाना है। पर एक बात साफ हो चुकी है कि डेंगू पर समय रहते रोक अभियान चलाया जाना आवश्यक है। क्योंकि डेंगू अब किसी देश की सीमा में बंधा नहीं रह गया है। देश दुनिया की सरकारों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामने डेंगू बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। दरअसल डेंगू की गंभीरता को देखते हुए ही गैर सरकारी वर्ल्ड मास्कीटों प्रोग्राम के तहत एंटीडेंगू मच्छर विकसित किया गया है। 2023 में इंडोनेशिया में इनका प्रयोग किया जा चुका है और इनके प्रभाव से 95 प्रतिशत तक सकारात्मक प्रभाव देखा गया है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको जीवनसाथी से हर प्रकार का सहयोग प्राप्?त होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपके सुख में इजाफा होगा और आप जीवन में तरक्?की करेंगे। संतान पक्ष के करियर को लेकर आप काफी चिंतित रहेंगे।

### वृषभ
आज करियर में लाभ होगा और आपका दिन आराम के साथ सुख शांति में बीतेगा। आपके द्वारा राजनीतिक क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सफल होंगे और आपके कारोबार में तरक्?की होने से आपको खुशी होगी। आपको शासन से सम्?मान और लाभ मिल सकता है।

### तुला
आज सफलता के संयोग बन रहे हैं और आपकी आय में जबर्दस्?त इजाफा होगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में लगने से आपको खुशी होगा और आपके विरोधियों का अंत होगा।

### वृश्चिक
आज करियर में सफलता मिलेगी और आपको भाग्?य का पूरा साथ मिलने से खुशी होगी। परिवार में किसी की सेहत खराब होने से आपको डॉक्?टर के पास चक्?कर लगाने पड़ सकते हैं। इसमें आपका काफी धन भी खर्च होगा और कहीं से समस्?या का सामना करना पड़ सकता है।

### मिथुन
आज दिन भर कार्य को बेहद संभलकर करने वाला है। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या फिर चोरी होने का भय है। बेहद सावधान रहें और अपने काम पर ध्?यान दें। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में मनचाही सफलता मिलने से आपको खुशी होगी।

### कर्क
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। कारोबार के मामले में आपको लाभ होगा और आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी।

### धनु
आज का दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्?त होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है।

### मकर
आज भाग्?य साथ देगा और आपको पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। आपके अंडर में काम करने वाले कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें।

### सिंह
आज कारोबार में लाभ होगा और आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको लाभ और सम्?मान मिलेगा और आपके पद प्रतिष्?ठा में वृद्धि होगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता प्राप्?त होने से आपको खुशी होगी।

### कन्या
आज करियर में लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होने से आपके आनंद में वृद्धि होगी। आपके जारी प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

### कुंभ
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए दिन लाभ से भरा होगा। निर्मूल विवाद अकारण शत्रुपत्ति से बचें तो आपका दिन आराम से बीतेगा। जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्?त होगी। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में आपको नुकसान हो सकता है।

### मीन
आज परिवार में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्य पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। आपकी कोई मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती है। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र में जातियों को साधने में जुटी भाजपा, कई दिग्गज नेताओं को उतारा



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भाजपा के लिए यहां सत्ता बचाने की चुनैती है। इसके लिए भगवा पार्टी हर मोर्चे पर काम कर रही है। हाल के दिनों में चुनावी राज्य में कई विकास के काम का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही भाजपा महाराष्ट्र में जातियों को साधने की कोशिश भी कर रही है। ओबीसी के साथ-साथ दलितों को अपने पाले में करने के लिए अपने तमाम नेताओं को झोंक रखा है। महाराष्ट्र के बीड जिले में दशहरा रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता पंकजा मुंडे ने कहा, पिछड़ों ने मुझे वह बनाया है जो मैं हूं और मैं गोपीनाथ मुंडे की बेटी हूं। उन्होंने पिछड़ों से अपनी ताकत दिखाने का आह्वान भी किया। ठीक उसी समय पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू महाराष्ट्र में बौद्ध दलित समुदाय के नेताओं के साथ बैठकें कर रहे थे। ये बैठकें महाराष्ट्र में पिछड़ों और दलितों के बीच अपनी स्थिति को मजबूत करने और बढ़ाने के लिए भाजपा की चाल को दर्शाती हैं। पंकजा मुंडे ने बीड में एक दशक से अधिक समय के बाद अपने चचेरे भाई धनंजय मुंडे के साथ मंच साझा किया है। पंकजा को मराठवाड़ा में भाजपा के ओबीसी चेहरे के रूप में देखा जाता है। पार्टी ने रिजिजू को बौद्ध दलितों, खासकर विदर्भ क्षेत्र में पैठ बनाने के लिए तैनात किया है। महाराष्ट्र में कुल एससी मतदाताओं में दलित बौद्धों की संख्या 50प्रतिशत से अधिक है। यह वर्ग आमतौर पर कांग्रेस या प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन आघाड़ी के साथ रहा है। अब तक रिजिजू ने सौ से ज्यादा बैठकें की हैं और महाराष्ट्र में समुदाय के प्रमुख नेताओं से मुलाकात की है।

### पराली जलाने वालों के खिलाफ क्यों नहीं करते कार्रवाई; सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को लगाई फटकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर दिए गए पिछले आदेश का पालन नहीं करने को लेकर हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। देश की सर्वोच्च अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो वह हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि राज्य सरकार पराली जलाने के लिए लोगों पर मुकदमा चलाने और मामूली जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ देने से क्यों कतरा रही है। इसरो आपको बता रहा है कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा, यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। यदि मुख्य सचिव किसी के इशारे पर काम कर रहे हैं तो हम उनके खिलाफ भी समन जारी करेंगे। प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए कुछ नहीं किया गया है। पंजाब के साथ भी ऐसा ही है। रवैया पूरी तरह से अवज्ञाकारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हरियाणा द्वारा दायर हलफनामे में अनुपालन का कोई जिक्र नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव को अगले बुधवार को शारीरिक रूप से उपस्थित होने और यह बताने का आदेश दिया कि उल्लंघन करने वालों और सरकारी अधिकारियों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई।



### नहीं गिरेगी मंडी मस्जिद, कोर्ट ने लगाई रोक

**मंडी, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। मस्जिद गिराए जाने को लेकर नगर निगम की कोर्ट के गत 13 सितंबर को सुनाए गए फैसले पर शिमला में टीसीपी के प्रधान सचिव की कोर्ट ने रोक लगा दी है। आगामी आदेशों तक मस्जिद के अवैध निर्माण को नहीं गिराया जाएगा। आइए जानते हैं कोर्ट ने क्या कहा है। इस मामले में टीसीपी के प्रधान सचिव की कोर्ट में अगली सुनवाई 20 अक्तूबर को निर्धारित की गई है। मंडी के नगर निगम के पास इन आदेशों की कॉपी भी पहुंच चुकी है। नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जो फैसला उन्होंने सुनाया था उसपर रोक लगा दी गई है और उच्चाधिकारियों के आगामी आदेशों तक अब इसपर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। आने वाले समय में जो आदेश प्राप्त होंगे उसी के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं, टीसीपी कोर्ट के फैसले पर हिंदू संगठनों की भी प्रतिक्रिया भी सामने आई है। देवभूमि संघर्ष समिति की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य घनश्याम ठाकुर ने टीसीपी की कोर्ट से हिंदू संगठनों को भी अपना पक्ष रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे पास सभी दस्तावेज हैं और हमें भी अपना पक्ष रखने का मौका मिलना चाहिए। इस बारे में बात करते हुए ठाकुर ने कहा कि हिंदू संगठन 20 अक्तूबर को होने वाली सुनवाई का इंतजार करेंगे। यदि फैसला हक में नहीं आया तो वे कोर्ट जाने की तैयारी कर चुके हैं। अवैध निर्माण को गिराने के लिए चाहे संघर्ष का रास्ता ही क्यों न लेना पड़े, उससे पीछे नहीं हटेंगे। इन्होंने मुस्लिम समाज को अपना वो वादा भी याद दिलाया है जिसमें उन्होंने अवैध निर्माण को स्वयं गिराने की बात कही थी। इनका कहना है कि अवैध निर्माण को हर हाल में गिराया जाना चाहिए।

# महाराष्ट्र में सीएम के चेहरे पर उलझन में कांग्रेस, झारखंड में बनना होगा जूनियर पार्टनर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम के ऐलान के साथ ही चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस ने इन राज्यों के लिए अपने वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की तैनाती कर दी है। आलाकमान ने स्पष्ट संदेश अपने रणनीतिकारों और नेताओं को दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि हरियाणा वाली गलती न दोहराई जाए। चुनावों में कांग्रेस की बड़ी चुनौती एकजुटता के साथ चुनाव लड़ना है।

यह चुनाव इंडिया अलायंस के दलों के लिए भी बड़ा इम्तिहान है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस का प्रदर्शन अपेक्षा के मुताबिक नहीं रहा है इसलिए सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस पर बड़ा दबाव भी होगा। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत से दूर रखने में कामयाब होने के बाद कांग्रेस ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में काफी भरोसे के साथ में कदम रखा था। लेकिन नतीजे उसकी आशाओं के विपरीत आए। अब महाराष्ट्र में कांग्रेस के लिए कई स्तरों पर चुनौती है। महाराष्ट्र में एमवीए गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। महाराष्ट्र में अपने बेहतर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ज्यादा सीटों पर नजर गड़ाए हुए है। एनसीपी-शरद पवार और शिवसेना यूबीटी हरियाणा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद मोलतोल को तैयार दिख रहे हैं। हालांकि इन दलों पर भी दबाव कम नहीं है क्योंकि भाजपा को हराने के लिए महाराष्ट्र में कांग्रेस की ताकत की अनदेखी यह दल नहीं कर सकते।

कांग्रेस और एनसीपी मिलकर पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा से पीछे थे। इस बार शिवसेना उद्धव गुट के साथ आने से इंडिया गठबंधन की ताकत बढ़ी हुई नजर आ रही है। जबकि एनसीपी के विभाजन का दबाव भी है।

**सीएम के चेहरे को लेकर बड़ी उलझन :** सबसे बड़ी उलझन सीएम के चेहरे को लेकर है। शिवसेना यूबीटी चाहती है कि उद्धव ठाकरे को ही सीएम पद का उम्मीदवार बनाया जाए। वहीं कांग्रेस पार्टी इस पर सहमत नजर नहीं आ रही है। लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी कांग्रेस इस मामले में लचीला रुख अपनाने को तैयार नहीं है। हालांकि शिवसेना उद्धव की तरफ से अपना रुख लचीला करने का संकेत मिला है। कांग्रेस ने लोकसभा में 17 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ा था और उसमें से 13 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही थी। शिवसेना यूबीटी ने 21 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 9 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं शरद पवार की एनसीपी ने 10 में से 8 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

**झारखंड में कांग्रेस को जूनियर पार्टनर बनकर रहना होगा :** जहां तक झारखंड की बात है वहां कांग्रेस को जेएमएम का जूनियर पार्टनर बनकर रहना होगा लेकिन यहां पर भी सीटों का बंटवारा काफी अहम होने वाला है। पिछले विधानसभा चुनाव में जेएमएम ने 81 में से 43 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 30 पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस ने 31 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इनमें से केवल 16 पर उसे जीत मिली थी।

जेएमएम का स्ट्राइक रेट चुनाव में बेहतर रहा था। गठबंधन में शामिल आरजेडी ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था और एक सीट जीती थी। इस बार इंडिया गठबंधन का घटक सीपीआई एमएल भी गठबंधन का हिस्सा बनने की इच्छा जाहिर कर रहा है। पिछली बार इसने 15 सीटों पर चुनाव लड़ा था और एक सीट खाते में आई थी। जेएमएम और कांग्रेस दोनों इस बार ज्यादा सीटों पर दावा कर रहे हैं।

**महाराष्ट्र में 110-115 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है पार्टी :** विधानसभा में कांग्रेस कुल 288 में से 110-115 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, जबकि 90-95 सीटें शिवसेना यूबीटी और 80-85 सीटें शरद पवार की एनसीपी के लिए छोड़ने की बात हो रही है। विपक्ष के लिए एक चुनौती साझा प्रचार अभियान चलाना भी होगा। समाजवादी पार्टी भी चाहती है कि उसे महाराष्ट्र चुनाव में हिस्सेदारी मिले।

## पीएम मोदी आज अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस समारोह में होंगे शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 अक्टूबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के समारोह में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अभिधम्म दिवस के महत्व, पाली भाषा के महत्व और बुद्ध धम्म की समृद्ध विरासत के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए सरकार के प्रयासों पर अपने विचार रखेंगे। इस समारोह को केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशेष रूप से संबोधित करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी इस समारोह में मौजूद रहेंगे। अभिधम्म दिवस, अभिधम्म की शिक्षा देने के बाद भगवान बुद्ध के दिव्य लोक से अवतरण की याद दिलाता है। हाल ही में पाली सहित पांच भाषाओं को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता मिलने से इस वर्ष के अभिधम्म दिवस समारोह का महत्व बढ़ गया है क्योंकि अभिधम्म पर भगवान बुद्ध की शिक्षाएं मूल रूप से पाली भाषा में उपलब्ध हैं। भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस समारोह में 14 देशों के शिक्षाविदों और भिक्षुओं तथा भारत भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से बुद्ध धम्म पर महत्वपूर्ण संख्या में युवा विशेषज्ञ भाग लेंगे। बीते 5 अक्टूबर को भिक्खु संघ के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करके पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आभार जताया था। इस दौरान बौद्ध नेताओं ने पाली में कुछ छंद भी पीएम मोदी को सुनाए थे। पाली भाषा बौद्धों के लिए पवित्र भाषा है। यह थेरवाद बौद्ध धर्म ग्रंथों की भाषा है, जिसे पाली कैनन के रूप में जाना जाता है। इसमें बुद्ध की मुख्य शिक्षाएं शामिल हैं। यह बौद्ध धर्म के अनुयायियों को ऐतिहासिक जड़ों से जोड़ता है। इससे उन्हें अस्थायित्व, दुख और स्व जैसी प्रमुख अवधारणाओं की समझ मिलती है। बुद्ध ने अपने उपदेश पाली में दिए और उनके अनुयायियों ने इसका इस्तेमाल दुनिया भर में उनकी शिक्षाओं को फैलाने के लिए किया।

## तमिलनाडु, चेन्नई में भारी बारिश जारी, कई इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान

**चेन्नई , एजेंसी।** तमिलनाडु में चेन्नई और आसपास के जिलों में लगातार दूसरे दिन भी भारी बारिश जारी है। कई इलाकों में पानी भरने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश से पूर्वोत्तर मानसून के आगमन का संकेत मिल रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारी बारिश से अन्ना नगर पश्चिम, कोलाथुर, पम्मल, पेरम्बूर और राज्य की राजधानी के अन्य हिस्सों में आवासीय क्षेत्र में घुटनों तक पानी भर गया है। वहीं चेंगलपट्टू, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर जिलों के कई हिस्सों में ट्रैफिक जाम की जानकारी सामने आई है। मौसम विभाग ने उत्तरी भागों और डेल्टा क्षेत्र के 12 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार तक रानीपेट और वेल्लोर समेत अन्य उत्तरी जिलों में भी बारिश हो होने की संभावना है। चेन्नई और उसके पड़ोसी जिलों में गुरुवार को भी भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। तमिलनाडु राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लुर जिलों में 26 स्थानों पर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

# दिल्ली सरकार ने बिजली कनेक्शन के लिए डीडीए से एनओसी लेने की अनिवार्यता खत्म की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली की 1731 कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को दिल्ली सरकार की तरफ से बड़ी राहत दी गई है। बिजली कनेक्शन पाने के लिए अब उन्हें डीडीए अधिकारियों के चक्कर नहीं काटने होंगे। दिल्ली सरकार ने बिजली कनेक्शन के लिए डीडीए से एनओसी लेने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। इसकी जानकारी बुधवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने दी। उन्होंने कहा कि इसे लेकर सभी बिजली कंपनियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लाखों लोग पहले सरकार की प्राथमिकता में नहीं थे। उन्हें सुविधाएं देने में सरकार पीछे रहती थी। लेकिन दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार बनने के बाद से सभी कच्ची कॉलोनियों में जमकर विकास कार्य किए गए हैं। दिल्ली सरकार ने कच्ची कॉलोनियों में सड़कें बनवाई, स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई और सीवर कनेक्शन के लिए पाइप लाइन बिछाई। दिल्ली सरकार ने यह प्रयास किया कि उन्हें परेशानी न हो।



आतिशी ने कहा कि पिछले कुछ समय से इन 1731 कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बिजली कनेक्शन लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह केन्द्र सरकार के अधीन आने वाली डीडीए द्वारा निकाला गया एक आदेश है। इसमें कहा गया है कि कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बिजली कनेक्शन के लिए डीडीए से एनओसी लेनी होगी। इस एनओसी में यह बताया जाएगा कि उनकी जमीन लैंड पुलिंग पॉलिसी के अंदर नहीं है। इस एनओसी के लिए कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रिश्वत देने वालों को यह एनओसी मिल जाती है जबकि अन्य लोग परेशाम घूमते रहते हैं।

आतिशी ने कहा कि इस समस्या को लेकर उनके पास कई कॉलोनियों से लोग आए हैं। उन्होंने बताया कि बीते एक साल से वह बिजली कनेक्शन के लिए भटक रहे हैं क्योंकि डीडीए की एनओसी नहीं मिल पा रही। इस समस्या का समाधान करते हुए दिल्ली सरकार ने यह निर्णय लिया है कि कच्ची कॉलोनियों में बिजली का मीटर लगवाने के लिए डीडीए एनओसी की आवश्यकता नहीं होगी। इसे लेकर दिल्ली सरकार ने सभी डिस्कॉम कंपनियों को निर्देश जारी कर दिया है। पहले की तरह सामान्य प्रक्रिया के तहत उन्हें बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने को कहा गया है। अब कच्ची कॉलोनी में रहने वाले लोग आसानी से बिजली का कनेक्शन ले सकेंगे।

## उद्धव ठाकरे से अजित पवार- महाराष्ट्र चुनाव कई दिग्गजों के लिए अस्तित्व की लड़ाई

**मुंबई, एजेंसी।** चुनाव आयोग के आगामी विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के बाद महाराष्ट्र में चुनावी बिगुल बज चुका है। अब सारी निगाहें पार्टी की रणनीतियों और राज्य के दिग्गजों पर आ टिकी हैं। जानकारों की माने तो चुनाव के नतीजे कई प्रमुख दिग्गजों के राजनीतिक भविष्य के लिए फैसले की घड़ी होगी। इनमें शरद पवार, उद्धव ठाकरे, एकनाथ शिंदे, अजित पवार और देवेंद्र फडणवीस जैसे नेताओं के नाम भी शामिल हैं। 2019 में बनी महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) को विपक्षी एकता के लिए एक टेम्पलेट के रूप में देखा गया था। हालांकि भाजपा ने इन पार्टियों के अंदर विद्रोहियों का समर्थन करके इसका मुकाबला किया, जिसके कारण उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई। इसके बाद अजित पवार और उद्धव ठाकरे दोनों गुटों को आधिकारिक पार्टी का दर्जा खोना पड़ा। तब से दोनों नेता नए नामों और प्रतीकों के तहत अपनी पार्टियों को फिर से खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।



हाल के लोकसभा चुनावों में उद्धव ठाकरे ने 9 सीटें और अजित पवार ने 8 सीटें जीती थी। इस प्रदर्शन से उनके जमीनी समर्थन का पता चला। हालांकि विधानसभा चुनाव बड़ी परीक्षा है।

एक राजनीतिक अंदरूनी सूत्र ने कहा, यदि एमवीए सत्ता में आती है तो पवार और ठाकरे दोनों महाराष्ट्र की राजनीति को प्रभावित करना जारी रखेंगे और अपनी पार्टियों को आगे बढ़ा सकते हैं। इसके उलट अगर महायुति सत्ता में लौटती है तो उनके प्रतिद्वंदी जीते हुए उम्मीदवारों को लुभाकर विरोधी गुटों को खत्म करने की कोशिश करेगी। शरद पवार पश्चिमी महाराष्ट्र में विशेष रूप से सक्रिय रहे हैं। उन्होंने बड़ी हलचल पैदा की है और सत्तारूढ़ भाजपा और एनसीपी के कई नेताओं को अपने पक्ष में कर लिया है। इधर उद्धव ठाकरे मुंबई में कई रणनीतिक बैठकें कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जिन्होंने 7 लोकसभा सीटें जीती हैं, समाज के विभिन्न वर्गों को लुभाने के लिए सोची-समझी चालें चल रहे हैं। अपने चाचा शरद पवार के गढ़ में चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अजित पवार ने एक राजनीतिक सलाहकार को नियुक्त किया है और महिला मतदाताओं को लक्षित करते हुए एक अभियान शुरू किया है।

## कमलनाथ के फिर राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने के आसार

**भोपाल , एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बीते कुछ समय से राजनीतिक तौर पर कम सक्रिय हैं मगर अब उनके फिर से राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने के आसार बन रहे हैं। यह अनुमान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से उनकी दिल्ली में हुई मुलाकात के आधार पर लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय राजनीति से मध्य प्रदेश की ओर रुख किया था। उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था और उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सत्ता हासिल की थी। कांग्रेस सत्ता में महज 15 माह रही, आपसी खींचतान के चलते सत्ता हाथ से खिसक गई और भाजपा की फिर सत्ता में वापसी हो गई। उसके बाद से कमलनाथ का दायरा लगातार सिमटता गया और वर्तमान में उनकी ज्यादा सक्रियता छिंदवाड़ा तक सीमित है। कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ छिंदवाड़ा से लोकसभा का चुनाव हार चुके हैं, वहीं उनके करीबी अमरवाड़ा से विधायक रहे कमलेश शाह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। अभी हाल ही में हुए हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव में पार्टी ने कमलनाथ का राजनीतिक तौर पर कोई उपयोग नहीं किया। आगामी समय में महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के अलावा उप चुनाव भी होने वाले हैं। मध्य प्रदेश के दो विधानसभा क्षेत्र बुधनी और विजयपुर में उपचुनाव होना है। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कमलनाथ के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर उनसे न केवल मुलाकात की बल्कि दो घंटे तक दोनों साथ भी रहे। इस मुलाकात को राजनीतिक तौर पर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि कमलनाथ का छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र महाराष्ट्र की सीमा से लगा हुआ है और वहां के कई इलाकों में कमलनाथ का प्रभाव है और सियासी तौर पर दखलअंदाजी भी है। इतना ही नहीं महाराष्ट्र के औद्योगिक घरानों से भी कमलनाथ की नजदीकियां है। कांग्रेस महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में कमलनाथ के प्रभाव का उपयोग करना चाहती है और इसलिए राहुल गांधी ने उनसे लंबी चर्चा की है। राहुल गांधी और कमलनाथ की इस मुलाकात ने सियासी हलकों में हलचल पैदा कर दी है। साथ ही यह कयास लगाए जाने लगे हैं कि कमलनाथ की राष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर सक्रियता बढ़ेगी और आगामी चुनाव में वह बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश से ही नाता रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को पार्टी ने पूरी तरह किनारे कर दिया है और उनका न तो जम्मू कश्मीर व हरियाणा के चुनाव में कोई उपयोग किया गया और अब संभावना यही है कि झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव में भी पार्टी उन्हें दूर ही रखने वाली है।

# भाजपा को कब मिलेगा नया अध्यक्ष, जेपी नड्डा के बाद कौन संभालेगा कमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी में नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। खबर है कि पार्टी ने संसदीय बोर्ड के सदस्य के लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। फिलहाल, भाजपा की कमान राज्यसभा सांसद जगत प्रकाश नड्डा हैं। खास बात है कि आम सहमति से चुने जाने वाले भाजपा अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल का होता है। नड्डा ने पद जून 2019 में संभाला था।

एबीपी लाइव की रिपोर्ट में भाजपा के सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू हो जाएगी। कमेटी राज्य स्तर से चुनावों का आगाज करेगी। इस दौरान मंडल, जिला और फिर प्रदेश अध्यक्ष चुने जाएंगे। जिला अध्यक्ष और प्रदेश समिति के चुनावों के बाद प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय समिति के सदस्य चुने जाएंगे। प्रदेश समिति के सदस्य प्रदेश अध्यक्ष चुनेंगे। वहीं, राष्ट्रीय समिति के सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेंगी।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल, लोकसभा सदस्य संबित पात्रा और पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय सह-प्रभारी होंगे। सिंह ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संगठन चुनावों के संचालन के लिए इन नियुक्तियों को हरी झंडी दी है और ये



तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। लक्ष्मण उत्तर प्रदेश से पार्टी के राज्यसभा सदस्य और पार्टी के ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हैं। भाजपा में इन दिनों सदस्यता अभियान चल रहा है और इसके पूरा होने के बाद नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरु होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 सितंबर को सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी। चुनाव प्रक्रिया दिसंबर या अगले साल की शुरुआत में शुरू हो सकती है। जून 2019 में नड्डा को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष और जनवरी 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाया गया था। इस साल फरवरी में उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाया गया था। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नड्डा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मंत्रिमंडल में शामिल किया था और उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया था। भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का नियम भी है, जिसके चलते उन्हें अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ेगा। भाजपा के संविधान के मुताबिक कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों में संगठन का चुनाव होने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकता है। भाजपा अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है और उनका चुनाव आम सहमति से होता है। कौन संभालेगा कमान इसे लेकर भाजपा की तरफ से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। हालांकि, रेस में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नाम भी शामिल माना जा रहा है।

# नीरज चोपड़ा, मनु भाकर होंगे महिला आयोग के ब्रॉड एंबेसडर





**चंडीगढ़, एजेंसी।** महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी।

युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए हरियाणा महिला आयोग एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है।

इसको लेकर खेलों के क्षेत्र में दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने वाले नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, नवदीप श्योराण, प्रणव सूरमा समेत 20 ओलंपियन को आयोग ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाने की तैयारी कर रहा है। महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी, लेकिन प्रदेश के 20 ओलंपियन को महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाना तय है।

महिला आयोग की तरफ से 20 अक्तूबर को पानीपत में एक कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। आयोग की तरफ से इन सभी 20 ओलंपियन को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों से संपर्क किया जा रहा है।

### जिलों में कार्यक्रम आयोजित कराएगा आयोग

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बताया कि आयोग की तरफ से प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। इसके तहत आयोग की तरफ से अलग-अलग जिलों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित कराए जाएंगे। जिस जिले में जागरूकता कार्यक्रम होगा, उस जिले के 20 से 25 स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में आने वाले ब्रॉन्ड एंबेसडर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे। ये महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर भी युवाओं को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि महिला आयोग का स्लोगन है कि गलत नशे

### से दूर रहो, खेल का नशा करो।

महिला आयोग युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान पर काम करेगा। इसी के तहत प्रदेश के 20 ओलंपियन को राज्य महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेडसर बनाया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। 20 अक्तूबर को पानीपत में कार्यक्रम आयोजित कर इसकी अधिकारिक घोषणा भी कर दी जाएगी।



आशालता के नाम दर्ज होगा रिकॉर्ड

# 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनेंगी

**काठमांडू, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यहां जारी बयान में कहा, मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व मुकाबले में जब उन्होंने पहली बार भारतीय शर्ट पहनी थी, तो बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि आशालता देवी भारतीय महिला फुटबॉल में इस तरह का मुकाम हासिल करेंगी।

कप्तान आशालता देवी पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को यहां सैफ चैंपियनशिप के शुरुआती मैच के लिए मैदान पर उतरेंगी तो 100 अंतरराष्टीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन जाएंगी। मणिपुर की 31 साल कि इस खिलाड़ी ने मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व टूर्नामेंट में भारत के लिए पदार्पण किया। तब से इस स्टार डिफेंडर ने एक लंबा सफर तय किया है।अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने जारी बयान में कहा, मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व मुकाबले में जब उन्होंने पहली बार भारतीय शर्ट पहनी थी, तो बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि आशालता देवी भारतीय महिला फुटबॉल में इस तरह का मुकाम हासिल करेंगी। आशालता को 2008 में भारत की अंडर-17 टीम के लिए बुलाया गया था जब वह 15 साल की थीं।

इम्फाल में जन्मी इस खिलाड़ी ने 13 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया। वह शुरुआत में भारतीय रेलवे फुटबॉल टीम में थी और 2015 में मालदीव के न्यू रेडियंट महिला फुटबॉल क्लब में शामिल हुईं। उन्होंने इसके बाद भारत में इंडियन वुमेन लीग में राइजिंग स्टूडेंट क्लब (कटक), केआरवाईपीएचएसए (इम्फाल), सेतु (मदुरै) और गोकुलम केरल का प्रतिनिधित्व किया। वह फिलहाल ईस्ट बंगाल के साथ हैं।

आशालता ने यहां पहुंचने के बाद कहा, मैं उत्साहित और खुश हूं कि मैं पाकिस्तान के खिलाफ अपना 100वां मैच खेलूंगी। हमारा ध्यान हालांकि सभी मैचों को जीतकर ट्रॉफी को घर वापस ले जाने पर होगा। नेपाल आने का यही मुख्य सपना और मकसद है। उन्होंने कहा, मैं चैंपियनशिप के सभी मैचों का इंतजार कर रही हूं क्योंकि यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमें पिछले सैफ में पहले ही झटका लग चुका है, लेकिन इस बार यह अलग होगा। भारत 2022 सत्र में खिताब का बचाव करने में विफल रहा था।

## सचिन तेंदुलकर की मौजूदगी बनी NCL चैम्पियंस शिकागो क्रिकेट क्लब के लिए यादगार



**डलास, एजेंसी।** चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने राष्टीय क्रिकेट चैम्पियनशिप में शिकागो क्रिकेट क्लब को विजेता की ट्रॉफी प्रदान करके उनके लिये इसे यादगार पल बना दिया। शिकागो ने डलास यूनिवर्सिटी में अटलांटा क्रिकेट क्लब को फाइनल में हराकर खिताब जीता। दुनिया भर में एनसीएल को ढाई अरब से अधिक लोगों ने देखा। तेंदुलकर ने शिकागो के मुख्य कोच रॉबिन उथप्पा को ट्रॉफी दी, दर्शकों से बात की, हाथ मिलाया और तस्वीरें भी खिंचवाई। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट ने मुझे इतना कुछ दिया है और यहां डलास में फाइनल देखकर और ट्रॉफी विजेता को देकर बहुत अच्छा लग रहा है। लोगों के उत्साह को देखकर लगता है कि अमेरिका में क्रिकेट का भविष्य उज्जवल है।



## टी-10 लीग खेलते दिखेगा चंद महीनों पहले रिटायर हुआ भारतीय क्रिकेटर, राशिद खान-जोस बटलर भी होंगे हिस्सा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्टार क्रिकेटर राशिद खान, इंग्लैंड के व्हाइट बॉल कैप्टन जोस बटलर और इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक उन हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो 2024 अबू धाबी टी10 में खेलते दिखेंगे। बांग्ला टाइगर्स ने राशिद और कार्तिक को चुना, जबकि डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने मार्कस स्टोइनिस के साथ बटलर को भी अपने साथ जोड़ा। रिपोर्ट के अनुसार बटलर को निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल और महेश तीक्ष्णा के साथ खेलते देखा जाएगा, जिन्हें ग्लेडिएटर्स ने रिटेन किया था। इस बीच, तीक्ष्णा के श्रीलंकाई टीम के साथी मतिशा को पथिराना न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने अपने साथ जोड़ लिया है। स्ट्राइकर्स, पिछली बार की विजेता है। उसने अपने कोर खिलाड़ियों कीरोन पोलार्ड, सुनील नरेन, अकील हुसैन, मोहम्मद आमिर को रिटेन किया है।


### कार्तिक ने तीसरा फेंचाइजी टूर्नामेंट साइन किया

यूएई के मुहम्मद वसीम और मुहम्मद जवादुल्लाह की जोड़ी को भी टी10 फ्रेंचाइजी ने रिटेन किया है। दोनों आईएलटी20 में शारजाह वारियर्स के लिए भी खेल चुके हैं। अबू धाबी टी10, कार्तिक द्वारा साइन किया गया तीसरा फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है। इससे पहले उन्होंने लीजेंड्स लीग 2024 और एसए20 2025 में हिस्सा लिया था। इससे पहले उन्होंने अंतरराष्टीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। 39 वर्षीय कार्तिक को आईपीएल 2025 के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का बैटिंग कोच और मेंटर भी नियुक्त किया गया था।

### कार्तिक के साथ खेलते दिखेंगे शाकिब

हाल ही में अपने टी20 क्रिकेट को अलविदा कहने वाले शाकिब अल हसन अबू धाबी टी10 में टाइगर्स में कार्तिक और आयरलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश लिटिल साथ खेलते दिखेंगे। नॉर्दर्न वॉरियर्स में फिन एलन के साथ ट्रेंट बोल्ट फिर से खेलते दिखेंगे, जबकि लॉकी फर्ग्यूसन टीम अबू धाबी में शामिल हुए, जिसने जॉनी बेयरस्टो और शिमरॉन हेटमायर को भी साइन किया। इस सीजन में अबू धाबी टी10 का विस्तार दस टीमों की लीग में होगा, जिसमें बोल्ट अजमान और यूपी नवाब नई टीमें हैं।

# एक ओवर में 6 चौके 7 बल्लेबाजों ने जमाए, फिर श्रीलंका के पथुम निसंका का ऐसा करना सबसे अलग क्यों?



**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टी-टी-20 मुकाबला 15 अक्टूबर को दांबुला में खेला गया. इस मैच में श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को हराकर पहले टी-20 में मिली हार का हिसाब बराबर कर लिया. श्रीलंका ने दूसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 73 रन से हराया, जिसके साथ ही 3 टी-20 की सीरीज अब रोमांचक मोड़ पर आ चुकी है. दूसरे टी-20 में श्रीलंका तो जीत गई. लेकिन उसके बल्लेबाज पथुम निसंका ने जो हाल वेस्टइंडीज के गेंदबाज शमर जोसेफ का किया, उसकी चर्चा सारी ओर है. निसंका ने जोसेफ के एक ओवर में 6 चौके लगाए. सवाल ये है कि अब तक 7 बल्लेबाज ऐसा कर चुके हैं, फिर निसंका का किया ये कारनामा सबसे अलग कैसे हुआ?

### पथुम निसंका ने एक ओवर में लगाए 6 चौके

पथुम निसंका ने दूसरे टी-20 में शमार जोसेफ के खिलाफ एक ही ओवर में 6 चौके, श्रीलंकाई पारी के चौथे ओवर में जमाया. इस ओवर में लगातार 6 चौके जड़ते हुए पथुम निसंका ने शमर जोसेफ के खिलाफ 25 रन बनाए. इसमें एक रन वाइड का भी शामिल है. शमर जोसेफ की तीसरी गेंद वाइड रही थी. कैरेबियाई गेंदबाज के खिलाफ श्रीलंकाई बल्लेबाज के टूटे कहर का ये वीडियो अब सुर्खियों में है.

### 6 चौके जड़ना सबसे अलग क्यों?

अब सवाल है कि एक ओवर में 6 चौके पहले भी लगे हैं, फिर पथुम निसंका पिछले सारे बल्लेबाजों से अलग कैसे हुए? क्यों उनका एक ओवर में 6 चौके लगाना सबसे अलग हुआ? इस सवाल का जवाब है टी20 इंटरनेशनल मैच. बेशक, पथुम निसंका एक ओवर में 6 चौके लगाने वाले दुनिया के 7वें और तिलकरत्ने दिलशान के बाद श्रीलंका के दूसरे बल्लेबाज हैं. लेकिन, टी20 इंटरनेशनल में ऐसा करने वाले वो पहले बल्लेबाज हैं. बस यही वजह है उनके बाकियों से अलग होने की. निसंका से पहले इन्होंने लगाए एक ओवर में 6 चौके

पथुम निसंका से पहले जिन 6 बल्लेबाजों ने एक ओवर में 6 चौके लगाए, उनमें संदीप पाटिल (टेस्ट), क्रिस गेल (टेस्ट), अजिंक्य रहाणे , तिलकरत्ने दिलशान (वनडे), रामनरेश सरवन (टेस्ट) और पृथ्वी शॉ शामिल हैं.

### श्रीलंका की जीत के हीरो बने निसंका

जहां तक वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 में पथुम निसंका के ओवरऑल प्रदर्शन की बात है तो उन्होंने ओपनिंग करते हुए 49 गेंदों पर 54 रन बनाए, जो कि उनके टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है. इस पारी के दौरान निसंका ने कुसल मेंडिस के साथ टी-20 में 1000 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप पूरी की और ऐसा करने वाली श्रीलंका की पहली जोड़ी बने.

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद लियोनेल मेसी का बयान

बताया संन्यास को लेकर क्या है प्लान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल जगत में पिछले दो दशकों से अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच प्रतिद्वंद्विता चल रही है। दोनों अंतराष्टीय और प्रोफेशनल फुटबॉल में एक-दूसरे के रिकॉर्ड तोड़ते आ रहे हैं।

मंगलवार को मेसी ने रोनाल्डो का सबसे ज्यादा हैट्रिक का रिकॉर्ड तोड़ा। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के बाद मेसी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर भी बड़ी बात कही। वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना बोलिविया का सामना कर रही थी। इस मैच में उन्होंने 6-0 से जीत हासिल की जिसमें मेसी की हैट्रिक का अहम रोल था।

37 साल के मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में गोल किए। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी की पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के किए गए गोल में एसिस्टेंट की भूमिका निभाई थी। यह मेसी के करियर की 10वीं अंतरराष्टीय हैट्रिक थी। इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी की। वह दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 10 हैट्रिक लगाई है।

दोनों सबसे ज्यादा हैट्रिक लगाने वाली खिलाड़ी हैं। लियोनल मेसी ने मैच को लेकर कहा, 'यहां आकर, लोगों का प्यार महसूस करके बहुत अच्छा लगता है, जिस तरह से वे मेरा नाम पुकारते हैं, उससे मैं बहुत प्रभावित होता हूं। यह मुझे प्रेरित करता है। मैं जहां हूं, वहां खुश रहना पसंद करता हूं। अपनी उम्र के बावजूद, जब मैं यहां आता हूं, तो मैं खुद को एक बच्चे की तरह महसूस करता हूं क्योंकि मैं इस टीम के साथ सहज हूं। रिटायरमेंट को लेकर मेसी ने कहा, 'मैंने अपने करियर की कोई डेडलाइन नही सोची है। जब तक मैं अच्छा महसूस करता हूं और अपनी इच्छानुसार प्रदर्शन कर सकता हूं, मैं इसका आनंद लेता रहूंगा'।

भारत-न्यूज़ीलैंड टेस्टः

# बारिश के कारण बिना टॉस के रद्द हुआ पहले दिन का खेल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल बुधवार को बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस दौरान टॉस भी नहीं हो सका। बेंगलुरु में बारिश की शुरुआत सुबह सात बजे से हुई और पूरे दिन लगभग चलती रही।



अंतिम सत्र दोपहर 2:45 से 4:45 बजे तक होगा। शाम को ओवर पूरा ना होने पर खेल को आधे घंटे के लिए बढ़ाया जा सकता है। पहले दिन के खेल को जब 2.30 बजे रद्द घोषित किया गया, तो बारिश और तेज हो गई। हालांकि दूसरे दिन फिर से बारिश का ही पूर्वानुमान है। यूं तो चिन्नास्वामी स्टेडियम का ड्रेनेज सिस्टम बहुत अच्छा है और एक मिनट में लगभग 10 हजार लीटर पानी को ड्रेन कर सकता है। लेकिन एक और बाधा यह भी है कि खराब मौसम के कारण ब्रॉडकास्टर हॉकआई को भी फॉर्मेट करके नए मैच के लिए तैयार नहीं कर सके हैं। इसमें लगभग एक घंटा लग सकता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीनों टेस्ट मैचों में जीत से भारत की अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ जाएगी।

एशेज सीरीज 2025-26 का शेड्यूल जारी

# 21 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा पहला मुकाबला

**मेलबर्न, एजेंसी।** एशेज सीरीज 2025-26 का शेड्यूल जारी हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को शेड्यूल का ऐलान किया। इसके अनुसार 142 साल पुरानी इस सीरीज का पहला मुकाबला 21 से 25 नवंबर के बीच पर्थ में खेला जाएगा। 1982-83 के बाद पहली बार इस सीरीज का पहला मुकाबला ब्रिसबेन की बजाय पर्थ में हो रहा है। इस बार इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही है। पिछले सीजन में सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। तब ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैंड का दौरा किया था। दुनिया की सबसे पुरानी सीरीज द एशेज की शुरुआत 1882 में हुई थी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड 1877 से टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। दुनिया का पहला टेस्ट मैच भी इन्हीं देशों के बीच खेला गया था। यह मुकाबला 15 से 19 मार्च 1877 को मेलबर्न में



खेला गया। बाद में इसी सीरीज का नाम एशेज पड़ा। कंगारुओं ने 34 सीरीज जीतीं, इंग्लैंड ने 32 ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हुई एशेज में ऑस्ट्रेलिया का पल?ा भारी है। अब तक दोनों देशों के बीच 73 सीरीज खेली गई हैं। इसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 34 सीरीज जीतीं। वहीं, इंग्लैंड ने 32 सीरीज अपने नाम की हैं। बाकी की बची 7 सीरीज ड्रॉ रहीं।

डॉन ब्रैडमैन आज भी एशेज के टॉप स्कोरर एशेज सीरीज के टॉप 5 बैटर में से 3 ऑस्ट्रेलिया के हैं। इन बल्लेबाजों में सबसे पहला नाम डॉन ब्रैडमैन का आता है। ब्रैडमैन ने साल 1928 से साल 1948 के बीच 37 मैच में 5048 रन स्कोर किए। दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर के टॉप बैटर जैक हॉब्स हैं। साल 1908 से 1930 के बीच हॉब्स ने 41 मैच में 3636 रन बनाए। एक्टिव प्लेयर्स में स्टीव स्मिथ टॉप पर हैं, उन्होंने 37 मैच में 3417 रन बनाए हैं। इसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट हैं। रूट ने 34मैच में 2428 रन स्कोर किए।

शेन वॉर्न ने लिए हैं सबसे ज्यादा विकेट एशेज के टॉप 5 गेंदबाजों में भी ऑस्ट्रेलिया के 4 शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के लीजेंडरी स्पिनर शेन वॉर्न टॉप पर हैं। उन्होंने साल 1993 से 2007 के बीच 36 मैच में 195 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड की ओर से टॉप विकेट टेकर स्टुअर्ड ब्रॉड हैं।

# भक्ति रस में डूबा मंदिरों का शहर पन्ना

## पन्ना के प्राचीन खेजड़ा मंदिर से निकली श्री जी की भव्य सवारी तथा भक्ति रस में सराबोर नाचते गाते श्रद्धालुओं की टोलियां



**पन्ना।** मंदिरों की नगरी पद्मावतीपुरी धाम में शरद पूर्णिमा महोत्सव का रंग दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। मगंलवार की शामं खेजड़ा मंदिर से निकली श्रीजी की दिव्य सवारी नें पद्मावती पुरी धाम को भक्ति रस में डूबो दिया। श्री प्राणनाथ मंदिर ट्रस्ट के आयोजकत्व में आयोजित दस दिवसीय कार्यक्रम में देश विदेश से लाखों सुंदरसाथ (भक्तों) का आना निरंतर जारी है। मंदिर संरक्षक संत शिरोमणी सदानंद महाराज एवं अध्यक्ष महेश भाई पटेल उपाध्यक्ष तिलक राज शर्मा सचिव राकेश कुमार शर्मा, सन्यासी चंद्रकांत त्रिपाठी, अभय शर्मा, दिनेश शर्मा, रंजीत शर्मा, प्रमोद शर्मा, अमरेश शर्मा (गोपाल) एवं महाप्रबंधक डी.बी.शर्मा, प्रबंधक मनोज कुमार शर्मा, उपप्रबंधक आशीष शर्मा एवं ट्रस्ट बोर्ड के सभी न्यासी गणों के सहयोग से दस दिवसीय कार्यक्रम भव्यता के साथ हो रहा है।

भक्ति रस में सराबोर नाचते और गाते श्रद्धालुओं की टोलियां सायं जब प्राचीन खेजड़ा मंदिर से श्री जी की भव्य सवारी के साथ निकलीं तो समूचा शहर भी भक्ति रस में डूब गया। यह अनूठा आयोजन हर साल दशहरे के तीसरे दिन होता है जिसमें सद्गुरू के सम्मान का प्रतीक कही जाने वाली श्री प्राणनाथ जी की दिव्य सवारी (शोभा यात्रा) खेजड़ा मंदिर से बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ निकलती है। अन्तर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में इस शोभा यात्रा का खास महत्व है। क्योंकि यह शोभा यात्रा सद्गुरु के प्रति आदर, सम्मान और अहोभाव प्रकट करने का पुनीत अवसर होता है जिसमें दूर-दूर से आये सुन्दरसाथ (श्रद्धालु) भक्ति भाव में डूबकर शामिल होते हैं।

मंगलवार 15 अक्टूबर को खिजड़ा मंदिर से शांम 5 बजे निकली इस ऐैतिहासिक सवारी में श्रीजी की मनमोहक शोभायात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रही, जिसकी एक झलक पाने के लिये श्रद्धालु बेताब दिखे। इस बार अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश से भी श्रद्धालु सुंदरसाथ शोभायात्रा में शामिल रहे जिनमें सर्वाधिक नेपाल देश के सुंदर साथ देखे गए। मंदिरों की नगरी पन्ना शहर के लोगों को भी इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा का इंतजार रहता है और जिसका नगरवासियों द्वारा जगह-जगह स्वागत व आरती की गई।

प्रणामी सम्प्रदाय के आस्था का केन्द्र अति प्राचीन खेजड़ा मंदिर से मंगलवार शाम पांच बजे से अखंड मुक्तिदाता महामति प्राणनाथ जी की सवारी जब निकली तो ऐसा लगा मानो सभी सन्त मनीषी विविध रूप धारण कर इस सवारी की शोभा बढ़ा रहे हों। दिव्य रथ पर सवार श्रीजी तथा धर्मगुरू इस भव्य सवारी की धर्म निष्ठां व भक्तिभाव के साक्षी बने। श्री जी की इस दिव्य सवारी का नगर के धर्मप्रेमियों ने जहाँ तहेदिल से स्वागत किया वहीं प्रणामी धर्म के स्थानीय सुंदरसाथ (भक्तों) ने जगह-जगह श्री जी की आरती उतारकर पुण्य लाभ लिया।

अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के दौरान पन्ना नगर में सैकड़ों वर्षों से लगातार श्री जी की सवारी भव्य स्वरूप के साथ निकाली जाती है। इस सवारी का आयोजन पहली बार बुन्देलखण्ड केशरी महाराजा छत्रसाल जी ने किया था। सद्गुरू के सम्मान का प्रतीक कही जाने वाली इस तेरस की सवारी को लेकर मान्यता है कि जब बुन्देलखण्ड को चारों तरफ से औरंगजेब के सरदारों ने घेर लिया था तब महामति श्री प्राणनाथ जी ने महाराजा छत्रसाल को अपनी चमत्कारी दिव्य तलवार देकर विजयश्री का आर्शीवाद दिया था और कहा था कि हे राजन जब तक तुम अपने दुश्मनों को धूल चटाकर नहीं आ जाते तब तक मैं इसी खेजड़ा मंदिर में ही रूकूंगा। तेरस को जब महाराजा छत्रसाल अपने दुश्मनों पर विजय हासिल कर लौटे तो अपने सद्गुरू महामति प्राणनाथ जी को पालकी में बिठाकर अपने कंधों का सहारा देकर श्री प्राणनाथ जी मंदिर में स्थित गुम्मट बंगला जिसे ब्रम्ह चबूतरा भी कहते हैं में लाए थे। जिसके प्रतीक स्वरूप तभी से यह आयोजन हर वर्ष किया जाता है।

श्री खेजड़ा जी मंदिर से निकली श्री जी की सवारी को श्री प्राणनाथ जी मंदिर की कुल तीन किलोमीटर तक की यात्रा में सात से आठ घंटे का समय लग जाता है। धार्मिक व ऐैतिहासिक महत्व की इस विशाल शोभायात्रा में पन्ना नगर वासियों ने भी पूरे उत्साह व भक्ति भाव के साथ बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। रथ में सवार श्री जी की एक झलक पाने के लिए लोग घंटों सड़क के किनारे खड़े रहे। सवारी के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह श्री जी की आरती उतारी व फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया साथ ही शोभा यात्रा में सम्मिलित सुन्दरसाथ को मिठाइयां बांटी गईं।

## वर्तमान में श्री कृष्ण-सुदामा की मित्रता से सीख लेनी चाहिए: पं. रमेश शास्त्री



**पवई।** नगर के पुलिस लाइन कॉलोनी में उप निरीक्षक स्वर्गीय बृजमोहन सिंह परिहार की प्रथम पुण्यतिथि पर संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान का आयोजन 9 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है इस धार्मिक कार्यक्रम के संरक्षक श्री हनुमान जी महाराज है जिसमें कथा के छठवें दिन कथा व्यास पंडित रमेश शास्त्री जी के द्वारा भगवान कृष्ण एवं सुदामा जी की मित्रता का बड़ा ही मार्मिक वृत्तांत सुनाया उन्होंने बताया की भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता द्वापरयुग से लेकर कलयुग तक प्रासंगिक है।कलयुग में लोगों को भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता से सीख लेनी चाहिए। क्योंकि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निस्वार्थ थी। श्रीकृष्ण द्वारिकाधीश थे जबकि सुदामा निर्धन थे। उनमें कोई समानता नहीं थी लेकिन इसके बाद भी उनकी मित्रता को आज भी याद किया जाता है। जीवन में सच्चे मित्र का होना आवश्यक होता है। अच्छे मित्र हमेशा सुख-दुख में काम देते हैं। मित्रता में अमीरी और गरीबी का कोई भेद नहीं रहता है। हर व्यक्ति को भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की पवित्र मित्रता से सीख लेनी चाहिए, लेकिन आज के समय में लोग मित्रता हैसियत देखकर करते हैं। जबकि मित्रता हैसियत से नहीं दिल से की जाती है भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा ने एक ही गुरु के आश्रम में शिक्षा ग्रहण की थी इसके बाद श्रीकृष्ण मथुरा चले गए। जबकि सुदामा अपने घर लेकिन इसके बाद भी भगवान श्रीकृष्ण सुदामा को कभी नहीं भूले सुदामा बहुत निर्धन थे तब उनकी धर्मपत्नी ने कहा कि वह अपने मित्र श्रीकृष्ण से सहायता मांग लें। सुदामा अपने मित्र श्रीकृष्ण के महल पहुंचते हैं। वहां पर सुदामा को द्वारपाल रोक लेता है। लेकिन सुदामा की आवाज सुनकर श्रीकृष्ण दौड़कर चले आए।सुदामा को अपने गले से लगाया और उन्हें अपने सिंहासन पर बिठाया साथ ही जब उन्हें विदा किया उससे पहले ही उन्हें बताए बिना और उनकी मदद मांगे बिना ही सबकुछ दे दिया। आज के समय में लोगों को सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता से सीख लेनी चाहिए कथा आयोजक शिवमोहन सिंह, मानवेन्द्र सिंह ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम मे पहुंचकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## अति शीघ्र हो अतिथि शिक्षकों की लंबित वेतन भुगतान: जीतेंद्र

### दशहरा व दीपावली पर अतिथि शिक्षक पैसे पैसे को मोहताज



**पवई।** मध्य प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ जिला इकाई पन्ना के पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेंद्र गर्ग ने प्रेस व्यक्ति जारी कर अतिथि शिक्षकों की लंबित मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग की है द्य श्री गर्ग ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों जिला शिक्षा अधिकारी पन्ना,समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, आहरण सम वितरण अधिकारियों एवं संकुल प्राचार्य से मांग की है कि अतिथि शिक्षकों के सब्र का बाध अब टूट चुका है समूचे पन्ना जिले के अतिथि शिक्षक नियमित शिक्षकों की भांति संपूर्ण समर्पण भाव से जिले के प्राथमिक, माध्यमिक हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्य कर रहे हैं लेकिन अल्प मानदेय वाले अतिथि शिक्षकों का अगस्त व सितंबर माह का मानदेय न मिलने से असन्तोष व्याप्त है अतिथि शिक्षक दशहरा व दीपावली का त्योहार कैसे मनाये मुख्यमंत्री जी से आग्रह है की मानदेय भुगतान कराने की कृपा करे जिससे की अतिथि शिक्षक भी अपना त्योहार हर्षोउल्लास् के साथ मनाया जा सके। श्री गर्ग ने कहा कि अतिथि शिक्षक भूखे मरने की कगार पर खड़े हैं,अगस्त सितंबर माह का मानदेय शीघ्र पांच दिवस के अंदर भुगतान कराया जाए। उन्होंने कहा कि यदि पांच दिवस के अंदर अतिथि शिक्षकों का मानदेय भुगतान नहीं होता है तो पन्ना जिले के सभी अतिथि शिक्षक एकजुट होकर जिला मुख्यालय पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की होगी। नियमित शिक्षकों की वेतन एक तारीख को मिलती है लेकिन अतिथि शिक्षकों की शुद्ध लेने वाला कोई नहीं है उन्होंने समाचार पत्रों के माध्यम से मानदेय की मांग की है।

## जनसुनवाई में आए 28 आवेदन, ग्राम पंचायतों में भी हुई जनसुनवाई




**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 28 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र एवं संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने तत्परतापूर्वक आमजनों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया। इसके अलावा विकासखण्ड एवं तहसील मुख्यालयों सहित समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में आवेदनों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया। उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर के निर्देशन में प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। सुदृढ़ व पारदर्शी व्यवस्था के तहत ग्रामीणजनों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण किया जा रहा है।

## अपर कलेक्टर ने कृषक भ्रमण दल के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**पन्ना।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिले के 30 कृषकों के दल को राज्य के बाहर प्रशिक्षण के लिए भेजा गया है। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय से कृषकों के भ्रमण दल के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यान पी.के. श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह भ्रमण दल पन्ना से चित्रकूट, राजापुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़ एवं फैजाबाद स्थित कृषि विश्वविद्यालय व कृषि संस्थाओं का भ्रमण करेगा। इस दौरान वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। भ्रमण दल में शामिल कृषक एक जिला एक उत्पाद के तहत प्रतापगढ़ में आंवला की उन्नतशील प्रजातियों के संबंध में वहां के आंवला उत्पादक कृषकों से रूबरू होंगे। साथ ही आंवला प्रसंस्करण इकाईयों का भ्रमण कर वैज्ञानिकों द्वारा आंवले की उन्नतशील प्रसंस्कृत प्रजाति की उन्नत खेती पर प्रशिक्षण भी प्राप्त करेंगे।

प्रशिक्षण दल के साथ पवई के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी ईश्वर दयाल अहिरवार को भी भेजा गया है। विभाग के सहायक संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषक भ्रमण दल उद्यानिकी की उन्नत तकनीक द्वारा उद्यानिकी फसलों से अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने के तरीकों का बारीकी से अध्ययन करेगा और पन्ना जिले में भी उद्यानिकी की नवीन तकनीकी का प्रयोग कर बेहतर उत्पादन के जरिए अधिकाधिक लाभ अर्जित कर सकेंगे।

## वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिलाओं को प्रदान की जाती है विभिन्न सहायता

**पन्ना।** महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जिससे निपटने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर की स्थापना की गई है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में मिशन शक्ति की संबल उपयोजना के तहत वन स्टॉप सेंटर की स्थापना महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की हिंसा से प्रभावित और संकटग्रस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न आपातकालीन एवं गैर-आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराना है। सुरक्षित आश्रय एवं तात्कालिक सहायता-वन स्टॉप सेंटर उन महिलाओं को तत्काल आश्रय और सुरक्षा प्रदान करता है, जो घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन हिंसा अथवा किसी भी प्रकार की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होती हैं। सेंटर में महिलाओं को तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाती है और उन्हें सुरक्षित वातावरण में आश्रय दिया जाता है। कानूनी सहायता और परामर्श-वन स्टॉप सेंटर पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान करता है, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और आवश्यक कानूनी कदम उठा सकें। कानूनी परामर्श और न्यायिक प्रक्रियाओं में सहायता मिलने से महिलाएँ अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ न्याय पाने की दिशा में सशक्त हो सकें।चिकित्सा सहायता-वन स्टॉप सेंटर पर महिलाओं को तत्काल चिकित्सा सहायता मिलती है। हिंसा या प्रताड़ना से घायल महिलाओं को नजदीकी स्वास्थ्य सेवाएँ के साथ समन्वय कर चिकित्सा सेवाएँ दी जाती है। मनोवैज्ञानिक परामर्श-हिंसा की शिकार महिलाएँ अक्सर मानसिक आघात से गुजरती हैं, वन स्टॉप सेंटर पर प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक समर्थन प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास मजबूत होता है। पुनर्वास सेवाएँ एवं समाज में पुर्नस्थापना-वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को पुनर्वास सेवाएँ भी प्रदान करते हैं। जरूरत पड़ने पर महिलाओं को उनके परिवार के साथ पुर्नस्थापित करने अथवा उन्हें स्वतंत्र जीवन जीने, अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करता है। आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रशिक्षण और रोजगार-वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार देने के लिये प्रशिक्षण देने का भी प्रयास करते हैं। महिलाओं को विभिन्न कौशल में प्रशिक्षित किया जाता है, जिससे वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र बन सकें और समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकें।

## 20 अक्टूबर तक होगा सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीयन

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार आगामी 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक जिले के 41 केन्द्रों पर सोयाबीन खरीदी की जाएगी। सोयाबीन उपार्जन का समर्थन मूल्य 4892 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। कृषक आगामी 20 अक्टूबर तक सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर अथवा एमपी ऑनलाइन कियोस्क के माध्यम से करवाया जा सकता है। पंजीयन के आधार पर ही समर्थन मूल्य पर सोयाबीन का विक्रय किया जा सकेगा।

## प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन में जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों से चर्चा कर प्रस्ताव तैयार करें: श्रीवास्तव

**पन्ना।** मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन में जनप्रतिनिधियों, आमजनों की रायसुमारी करके ही प्रस्ताव तैयार करें एवं पुनर्गठन में नागरिकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही पुनर्गठन करते समय जीपीएस एवं गूगल मैप का भी प्रयोग करें। उक्त निर्देश मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग परिसीमन आयोग के सदस्य एवं सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव ने आज सागर संभाग की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सुरेश कुमार भी कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष से व्हीसी के जरिए शामिल हुए।

परिसीमन आयोग के सदस्य श्री श्रीवास्तव ने सागर संभाग की समीक्षा में निर्देश दिए की किसी भी जिले, तहसील, विकासखंड, ग्राम, नगरीय निकाय के पुनर्गठन में विशेष रूप से जनप्रतिनिधियों, आमजन, सामाजिक संगठन, ग्रामीण व्यक्ति, किसान, स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्यों से चर्चा करें। चर्चा करने के उपरांत ही आगे की कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुनर्गठन के दौरान सीमांकन करते समय जीपीएस एवं गूगल मैप का भी प्रयोग करें, जिससे कि वस्तुस्थिति एवं दूरी ज्ञात हो सके। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द प्रस्ताव तैयार कर संभाग कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत करें, जिससे कि संभाग कमिश्नर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित कर सकें और शासन की मंशानुसार कार्रवाई की जा सके। परिसीमन आयोग के सदस्य ने युक्तियुक्तकरण पर बताया कि मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग अपना कार्य कर रहा है और उसके अंतर्गत नागरिकों से अपेक्षा है कि लोग अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव दें और प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन में संभागीय इकाई, जिला, वन विभाग, तहसील, ब्लॉक जो भी इकाईयां आती हैं।

## अंतर्राज्यीय महा दंगल का समापन आज



**पन्ना।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अंतर्राज्यीय महा दंगल का आयोजन एवं दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 16 अक्टूबर 2024 को होगा जिसका फाइनल मुकाबला एवं समापन 17 अक्टूबर 2024 को होगा। प्रतियोगिता में पन्ना जिले के स्थानीय पहलवानों सहित मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब एवं जम्मू कश्मीर के कई जाने माने पुरुष एवं महिला पहलवानों की कुश्तियों के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में लगभग डेढ़ सौ पहलवान भाग ले रहे हैं जिनका फोन के माध्यम से पंजीयन हो चुका है। पहलवानों को नगद इनामी राशि एवं शील्ड मेडल से नवाजा जाएगा, शरद पूर्णिमा महा दंगल कमेटी के द्वारा सभी खेल एवं कुश्ती प्रेमियों से समय पर पहुंचकर पहलवानों का हौसला बढ़ाने का आग्रह किया गया है।

## प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र सलेहा मे पदस्थ डॉक्टर अजय चौधरी को हटाये जाने क्षेत्रवासियों ने सौपा ज्ञापन



**पन्ना।** जिले की गुनौर तहसील अनतर्गत सलेहा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मे विगत दस वर्ष से पदस्थ डॉक्टर अजय चौधरी के लापरवाह पूर्ण रवैया से क्षेत्रीय लोग परेशान है तथा उनके द्वारा रोगियो के साथ लगातार स्वास्थ उपचार मे लापरवाही बरती जा रही है। जिससे बिना मौत लोगो की जाने जा रही है। उक्त मामले को लेकर कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी को आवेदन दिया गया है। पूर्व में भी स्थानीय लोगो ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी से सलेहा भ्रमण के दौरान शिकायत की गई थी। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया तथा कुछ घटनाओं के संबंध मे भी बताया गया है रोशनी पाठक पति संजय पाठक को 7 अक्टूबर को स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया गया था। उपचार मे लापरवाही बरती गई तथा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया। लेकिन महिला की रस्ते मे ही मृत्यु हो गई। इसी प्रकार मझली ढीमर पति तुलसीदार ढीमर ग्राम लक्ष्मीपुर नचने की 8 अक्टूबर को डिलेंवरी होनी थी। उक्त डिलेवरी में भी लापरवाही बर्ती गई तथा बच्चा जिला चिकित्सालय मे आ कर उल्टा पैदा हुआ तथा उसकी मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार प्यारी बाई आदिवासी पति नरेन्द्र आदिवासी ग्राम बिलहा के इलाज मे भी लापरवाही बरती गई है। साधना रैकवार पति दीपक रैकवार ग्राम बंधोरा को पीएसी सलेहा से सतना रेफर किया गया। जिसका प्रसव 22 अगस्त 2023 को सतना अस्पताल में हुआ। उसके संबंध मे ममता कुशवाहा एएनएम नें अलग अलग जन्म प्रमाण पत्र जारी किये। इसी प्रकार ग्राम पिपरिया के रमेश लोधी अपनी बहु को अस्पताल लेकर गये थे। लापरवाही लगातार बरती गई तथा उक्त महिला का बच्चा बाथरूम मे पैदा हुआ। स्वास्थ केन्द्र सलेहा मे टीकाकरण मे भी लापरवाही बरती जा रही है। इसी प्रकार पूनम कोल पति संदीप कोल ग्राम नचने का प्रसव 26 सितम्बर को सलेहा स्वास्थ केन्द्र मे हुआ, बिना उपचार के उसी दिन छुट्टी कर दी गई जिससे महिला की दस दिन बाद मृत्यु हो गई।

इस प्रकार सलेहा स्वास्थ केन्द्र मे पदस्थ डॉक्टर द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। स्थानीय लोगो ने तत्काल संबंधित डॉक्टर को सलेहा से हटाकर किसी अन्य डॉक्टर को पदस्थ करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालो में रामदीन चौरसिया, संतोष चौरसिया, हरीराम गर्ग, राम भुवन, तुलदीसाद, नन्नू, बिहारीलाल विश्वकर्मा, ललन, राजेश, महेन्द्र, सुनील आदि शामिल रहें।

## मतदाता सूची में जुड़वाएं नाम

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 की प्रक्रिया संचालित है। आयोग द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगामी 29 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन से मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिए जा सकेंगे। साथ ही 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावा आपत्ति के आवेदन भी लिए जाएंगे। इस अवधि में बीएलओ अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रह कर निर्धारित गतिविधियां संपादित करेंगे। मतदान केन्द्रों पर 9 एवं 10 नवम्बर तथा 16 एवं 17 नवम्बर को विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को होगा। एक जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। साथ ही टोल फ्री नंबर 1950 पर भी संपर्क कर वांछित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर रीवा ने आज ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशे की प्रवृत्ति से निजात दिलाने के लिए काउंसलिंग बैच प्रारंभ किये जा रहे हैं।



## प्रधानमंत्री 20 अक्टूबर को वर्चुअल माध्यम से करेंगे रीवा एयरपोर्ट का शुभारंभ

### कलेक्टर ने एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारियों की समीक्षा की

**रीवा।** नवनिर्मित रीवा एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से 20 अक्टूबर को शुभारंभ करेंगे। लोकार्पण समारोह रीवा एयरपोर्ट परिसर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, सांसदगण, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में लोकार्पण समारोह के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि समारोह स्थल में मंच, पंडाल, साज-सज्जा, आगंतुकों के बैठने, पेयजल तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा की जाएंगी। प्रशासन और नगर निगम की टीम आपको पूरा सहयोग देगी। कार्यक्रम स्थल में पण्डाल लगाने का कार्य तत्काल



शुरू करा दें।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री जी बनारस से वर्चुअल माध्यम से दोपहर बाद 3 बजे रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके पूर्व 2 बजे से 3 बजे तक रीवा में आयोजित लोकार्पण समारोह के मंचीय कार्यक्रम होंगे। इसके लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम आज ही तैयार करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कार्यक्रम स्थल में मुख्यमंत्री जी दोपहर एक बजे से दो बजे तक 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के संबंध में रीवा और शहडोल संभाग के उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। इसके लिए पृथक से पण्डाल में व्यवस्था करें। रीवा के उद्योगपति मौके पर संवाद में शामिल होंगे।

अन्य जिलों के उद्योगपति वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसमें जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री जी से चुने हुए उद्यमियों को संवाद का अवसर मिलेगा। संवाद स्थल में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि मुख्य समारोह में लगभग पाँच हजार व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। वाहनों की पार्किंग, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, साज-सज्जा, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उद्योगपतियों से संवाद के लिए एसडीएम गुढ़ समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। मुख्य कार्यक्रम स्थल में व्यवस्था एसडीएम हुजूर सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भोपाल के डायरेक्टर रामजी अवस्थी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संभागीय अधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर न रहे। आवश्यक होने पर ही अनुमति प्राप्त कर मुख्यालय से बाहर जाये। कमिश्नर ने कहा है कि संभागीय बैठकों तथा टीएल बैठक में संभागीय अधिकारी बिना पूर्व सूचना के मुख्यालय से बाहर रहते हैं जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि अधिकारी व कर्मचारी मुख्यालय में ही निवास करें तथा बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर प्रस्थान नहीं करें। उन्होंने संभागीय अधिकारियों को पूर्व सूचना एवं अनुमति के बाद ही मुख्यालय छोड़ने के निर्देश दिये हैं।

## औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए पटेहरा, (हनुमना) की 0.660 हेक्टेयर भूमि उद्योग केन्द्र को आवंटित

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने तहसील हनुमना अन्तर्गत पटेहरा ग्राम की आराजी नंबर 751 रकवा 0.660 हेक्टेयर भूमि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रीवा/मऊगंज को आवंटित की है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए उक्त शासकीय भूमि की मांग उद्योग विभाग द्वारा की गयी थी।

## आदर्श ग्राम की संकल्पना पर कार्य करेगी जन अभियान परिषद: नागर

**रीवा।** जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा है कि ग्रामीण समस्याओं को चिन्हित करने व उसके समाधान के लिए समाज को ही जिम्मेदारी लेनी होगी। छोटे-छोटे कार्यों के माध्यम से स्वाबलंबन की दिशा में प्रयास प्रारंभ करने होंगे तभी समाज मे स्थायी परिवर्तन जन भागीदारी के कार्यों से आएगा। वर्षा के जल के संरक्षण के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करना होगा। खेती के क्षेत्र में नवाचार करने होंगे। एफपीओ व एसएचजी के कार्यो को प्रोत्साहित करना होगा। आदर्श ग्राम विकास की संकल्पना के अनुरूप परिषद,इन कार्यों को शासन व समाज के साथ मिलकर प्राथमिकता से करेंगी। उन्होंने रीवा सम्भाग की समीक्षा बैठक में परिषद के समन्वयकों व स्वैच्छिक संगठनों को संबोधित करते हुए कही।



परिषद की संम्भाग स्तरीय समीक्षा बैठक में परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश अनुसार प्रदेश के सभी तहसीलों में एक-एक ग्राम को चिन्हित कर आदर्श ग्राम की संकल्पना हेतु कार्य करना है। जिसमे जैविक कृषि व गौपालन, नश्ल सुधार, विवाद मुक्त ग्राम, आदि है। कार्यपालक निदेशक ने परिषद के समन्वयकों को समाज के प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु परिषद के नेटवर्क को समन्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के द्वितीय सत्र में जिले में कार्यरत नवांकुर संस्थाओं से भी परिषद के उपाध्यक्ष व कार्यपालक निदेशक ने संवाद कर फीडबैक लिया तथा संस्थाओं ने क्षेत्र स्तर पर उनके द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों व उपलब्धियों की जानकारी दी। बैठक में परिषद के संम्भाग समन्वयक प्रवीण पाठक ने परिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमों व योजनाओं की प्रगति की जानकारी पर आधारित पीपीटी का प्रस्तुतिकरण किया। जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष तथा कार्यपालक निदेशक ने फूड क्रॉफ्ट इंस्टीट्यूट परिसर में त्रिवेणी (पीपल, बरगद,नीम) पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर फूड क्रॉफ्ट इंस्टीट्यूट के प्राचार्य श्री मुंडे, राजीव शुक्ल, निशा जयसवाल, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक, व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगरीय निकायों में 30 प्रतिशत अनाधिकृत निर्माण को प्रशमन शुल्क देकर वैध करने की समय सीमा बढ़ाई गई

**रीवा।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा नगरीय निकायों में 30 प्रतिशत अनाधिकृत निर्माण को प्रशमन शुल्क देकर वैध करने की समय सीमा बढ़ाकर 31 दिसम्बर 2024 तक कर दिया है। गौरतलब है कि सात माह पूर्व 13 मार्च 2024 को प्रावधान किया गया था कि आवासीय भवनों के निर्माण में बिना अनुज्ञा लिये दस प्रतिशत से अधिक एवं 30 प्रतिशत से कम अतिरिक्त निर्माण करने पर कलेक्टर गाईड के बाजार मूल्य के 12 प्रतिशत के बराबर प्रशमन शुल्क देकर तथा वाणिज्यिक एवं औद्योगिक प्रयोजन वाले भवनों के मामले में 18 प्रतिशत प्रशमन शुल्क देकर वैध किया जा सकेगा। परन्तु यह कार्य 31 अगस्त 2024 तक ही किया जा सकता था एवं 1 जनवरी 2021 के पूर्व बने भवनों में बिना अनुमति के लिये उक्त निर्माण पर लागू होगा। अब राज्य सरकार ने 30 प्रतिशत तक अवैध निर्माण को वैध करने की अवधि चार माह बढ़ाकर 31 दिसम्बर 2024 तक कर दी है। उक्त के संबंध में निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे द्वारा दिनांक 16.10.2024 को निगम में पंजीकृत कंसलटेंटो एवं निगम के तकनीकी अधिकारियों, कर्मचारियों की आवश्यक बैठक ली गई। भवन अनुज्ञा प्रदाय करने में आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गये। बैठक के दौरान निगम में पंजीकृत सभी कन्सलटेंटो ने अपनी परेशानियों को साझा किया साथ ही भवन अनुज्ञा से जुड़े सवालो को सभी तकनीकी अधिकारियों से चर्चा की गई। एवं राजस्व, तकनीकी दल, कंसलटेन्ट को समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिये जिससे बेहतर परिणाम आये। साथ ही तकनीकी दल द्वारा चलाये जा रहे सर्वेक्षण कार्य के प्रगति की जोनवार जानकारी ली गई। एवं कम्पाउडिंग के प्रकरणों को डिस्पोजल तेज गति से करने के निर्देश दिये गये साथ ही छूटे प्रापर्टियों के सर्वेक्षण को जारी रखने के निर्देश दिये गये।

## नशे से पीड़ित व्यक्तियों के लिए काउंसलिंग बैच प्रारंभ

### कलेक्टर ने काउंसलिंग कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**रीवा।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशे की प्रवृत्ति से निजात दिलाने के लिए काउंसलिंग बैच प्रारंभ किये जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं ब्राम्हाकुमारी संस्थान के सहयोग से प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक नशे से पीड़ित व्यक्तियों को मनोरोग चिकित्सक द्वारा परामर्श एवं काउंसलिंग की जायेगी साथ ही काउंसलर द्वारा मेडिटेशन की प्रक्रिया करायी जायेगी। एक सप्ताह तक चलने वाले बैच पूर्णतः निःशुल्क होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ब्राम्हाकुमारी



संस्थान में काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिले में जागरूकता कार्यक्रमों, परामर्श सेवाओं और क्षमता निर्माण को शामिल करने वाले व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से नशे से पीड़ित व्यक्तियों को इस दुष्चक्र से मुक्त करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इस अभियान के आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह भी उपस्थित रहे। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि जिले में नशामुक्त अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। काउंसलिंग कार्यक्रम के द्वारा भी नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशे से निजात दिलाने के लिए काउंसलिंग बैच प्रारंभ किये जा रहे हैं ताकि उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम में ब्राम्हाकुमारी संस्थान के भाई प्रकाश सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## कैंपस एम्बेसडर नियुक्त होंगे

**रीवा।** फोटो निर्वाचन नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत कैंपस एम्बेसडर नियुक्त किये जायेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने उच्च शिक्षा विभाग अन्तर्गत नोडल कालेज रीवा व मऊगंज के प्राचार्य को निर्देश दिये हैं कि महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में कैंपस एम्बेसडर नियुक्त कर जानकारी 3 दिवस में प्रेषित करें। यह कैंपस एम्बेसडर किसी राजनैतिक दल से संबंधित न हों।

## ननि द्वारा सफाई गोदाम में कार्यों का निरीक्षण किया गया

रीवा। निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे द्वारा दिनांक 16.10.2024 को प्रातः सफाई गोदाम में साप्ताहिक टीम सफाई मित्रों के उपस्थिति एवं कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ सफाई कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे है। कार्य में लापरवाही बरतने एवं अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को हटाने के निर्देश दिए गये। साथ ही जोन वाइज नाला गैंग दल बनाये जाने एवं वार्ड क्र. 6 के वार्ड प्रभारी श्री मुख्तार अहमद को कार्य में लापरवाही बरतने की वजह से कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। एवं वार्ड क्र. 10 के वार्ड प्रभारी को कार्य में लापरवाही पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। मृत जानवर उठाने हेतु लापरवाही बरतने पर रैमकी कम्पनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। साथ ही वार्ड क्र. 7, 9 एवं 19 में पूरा कचरा नही उठाये जाने के सम्बंध में नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित को नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये। स्वीपिंग मशीन संचालन में लापरवाही बरतने पर सम्बंधित ठेकेदार का अनुबंध समाप्त करने हेतु नोटिस जारी करने एवं भुगतान की राशि में कटौती किये जाने के निर्देश दिये गये। निगमायुक्त द्वारा स्पष्ट कहा गया कि जो भी कर्मचारी चाहे वह वार्ड प्रभारी हो या सफाई संरक्षक वह अपने निवास वाले वार्ड में या जोन में कार्य नही करेगा ऐसे सभी कर्मचारियों की सूची तैयार कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## उचित मूल्य दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** रीवा विकासखण्ड में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के लिए पात्र संस्थाओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। अनुविभागीय अधिकारी हुजुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान, बैजनाथ, अटरिया, भिटवा, गोड़हर, मगुरहाई, तमरा, खौर, जोरी, कनौजा, विहारिया, रौसर, विहरा, चौरा, सोनौरी, रहट, करहिया नं. एक, जेरूका, तिघरा, कचूर की उचित मूल्य दुकान के लिए आवेदन 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय हुजूर में आमंत्रित किये गये हैं।

## नगर निगम के राजस्व वसूली की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे द्वारा निगम सभागार में दिनांक 16.10.2024 को नगर निगम के राजस्व वसूली की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में राजस्व वसूली की वार्डवार प्रगति की जानकारी ली गई एवं राजस्व वृद्धि को प्राथमिकता देते हुए, निगमायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक के दौरान, निगमायुक्त ने दयनीय प्रदर्शन करने वाले निरीक्षकों को मॉग अनुरूप वसूली न करने तक वेतन रोकने के निर्देश दिये। वार्ड प्रभारियों को लक्ष्य निर्धारित कर योजना तैयार करके कार्यो को संपादित करने के निर्देश दिये जिससे वेहतर परिणाम आये एवं व्यावसायिक बडे बकायादारों को चिन्हित कर टैक्स न जमा करने के स्थिति में तालाबंदी की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में राजस्व वसूली के लक्ष्यों को पूरा करें। एवं जलकर वसूली की दयनीय स्थिति पर फटकार लगाते हुये सख्त निर्देश दिये कि बकायादारों के नल कनेक्शन को विच्छेद करें एवं बकाया कर वसूली मे लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाये। बैठक में उपायुक्त श्री दीपक पटेल, सहायक आयुक्त श्री रामनरेश तिवारी, राजस्व अधिकारी श्री नीलेश चतुर्वेदी, श्री रावेन्द्र सिंह के साथ सम्बंधित राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने की रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के तैयारियों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री जी उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। साथ ही मुख्य समारोह कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के मुख्य हाल में आयोजित किया जाएगा। परिसर में पत्रकारों के लिए प्रेस दीर्घा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी पूरी व्यवस्था करें। कॉन्क्लेव की थीम के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी आयोजित करें। इसके लिए सभी तैयारियाँ समय पर पूरी कर लें। कलेक्टर ने कहा कि कॉन्क्लेव में कई वरिष्ठ अधिकारी, उद्योगपति, स्थानीय उद्योगपति तथा विन्ध्य क्षेत्र में निवेश के लिए उत्सुक व्यक्ति शामिल होंगे। इनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने मुख्य कार्यक्रम स्थल कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम की साज-सज्जा, साउण्ड व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, भोजन व्यवस्था तथा आमंत्रितों के बैठने की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहनों की पार्किंग के लिए टीआरएस कालेज मैदान तथा एनसीसी मैदान तत्काल आधिपत्य में ले लें। पार्किंग स्थल से कार्यक्रम स्थल तक प्रतिभागियों को पहुंचाने के लिए 15 ई रिक्शा की व्यवस्था कराएं। बैठक में कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक यूके तिवारी ने इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे, महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवीन संरचनाओं की साफ-सफाई और रख-रखाव की उचित व्यवस्था करें : कलेक्टर

### कलेक्टर ने पुनर्घनत्वीकरण योजना से निर्मित संरचनाओं के संबंध में दिए निर्देश

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत निर्मित अधोसंरचना विकास की विभिन्न संरचनाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि एक अच्छे भवन का निर्माण के साथ-साथ उसका रख-रखाव भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। नवीन सर्किट हाउस, अटल पार्क, रतहरा तालाब, बीहर रिवरफ्रंट में बनाए गए पचमठा परिसर सहित पुनर्घनत्वीकरण योजना से निर्मित संरचनाओं की साफ-सफाई और रख-रखाव की उचित व्यवस्था करें। नवीन सर्किट हाउस के रख-रखाव के लिए जिला सत्कार अधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित करें।



यह समिति सर्किट हाउस में भोजन, पेयजल, साफ-सफाई तथा रख-रखाव की उचित व्यवस्था करें। लोक निर्माण विभाग तथा नगर निगम इसे आवश्यक सहयोग प्रदान करें। कलेक्टर ने कहा कि बीहर रिवरफ्रंट के साथ निर्मित पचमठा मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के कार्य को कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड पूरा कराएं। जिन स्थानों पर सुधार की आवश्यकता है वहाँ तत्काल सुधार कराकर परिसर नगर निगम को हैण्डओवर करें। आयुक्त नगर निगम परिसर में परिसम्पत्तियों की सुरक्षा तथा साफ-सफाई के लिए उचित व्यवस्था करें। रतहरा तालाब में वेंडर्स द्वारा मनमानी की जा रही है। कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड वेंडर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करें। लापरवाही पाए जाने पर वेंडर्स को ब्लैकलिस्टेड करने की कार्यवाही करें। आयुक्त नगर निगम रतहरा तालाब के सामने अवैध रूप से संचालित होने वाली दुकानों और ठेलों को हटाने के साथ उन पर जुर्माने की कार्यवाही करें। सिविल लाइन के अटल पार्क में भी साफ-सफाई पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था करें। वहाँ पेयजल की तत्काल व्यवस्था कराएं। कलेक्टर ने कहा कि कार्यपालन यंत्री पीआईयू कलेक्ट्रेट के पार्किंग एवं मार्तण्ड स्कूल परिसर से जुड़े स्थान पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराएं। इसकी डिजाइन इस तरह से हो कि पार्किंग एरिया तथा बाहर की ओर से इसका उपयोग हो सके। कलेक्टर ने चिरहुला मंदिर परिसर के निर्माण कार्यों, गंगोत्री कालोनी तथा मेडिकल कालोनी में बनाए जा रहे डॉक्टरों के आवास के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, कार्यपालन यंत्री पीआईयू आरके तिवारी, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग मनोज द्विवेदी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833